रविवार, 17 मई 2026

मौसम

तापमान 28 – 36
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 04:55 सूर्यास्त: 18:09

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एएसएमएल ने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए किया समझौता पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दुनिया में कुछ लोग आपको खुश देखकर ही परेशान हो जाते हैं।

## सीबीएसई ने कक्षा नौ के छात्रों के लिए एक जुलाई से तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया

**नयी दिल्ली :** सीबीएसई ने एक जुलाई से कक्षा नौ के छात्रों के लिए कम से कम दो मूल भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। सीबीएसई द्वारा जारी एक परिपत्र से यह जानकारी मिली। यह कदम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा अपनी अध्ययन योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्रारूप (एनसीएफ-एसई)-2023 के अनुरूप करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह परिपत्र 15 मई को जारी किया गया। परिपत्र के अनुसार विदेशी भाषा का चयन करने वाले छात्र दो भारतीय मूल भाषाओं का अध्ययन करने के बाद ही इसका तीसरी भाषा के रूप में या अतिरिक्त चौथी भाषा के रूप में चयन कर सकते हैं। परिपत्र में कहा गया है, ''एक जुलाई, 2026 से कक्षा नौ के लिए तीन भाषाओं (आर1, आर2, आर3) का अध्ययन अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो मूल भारतीय भाषाएं होनी चाहिए।'' सीबीएसई ने कहा कि छात्रों पर अनावश्यक दबाव कम करने और सीखने पर ध्यान केंद्रित रखने के लिए कक्षा 10 में आर3 के लिए कोई बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इसमें कहा गया है, ''आर3 के सभी मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय-आधारित और आंतरिक होंगे। आर3 में छात्रों का प्रदर्शन सीबीएसई प्रमाणपत्र में विधिवत रूप से दर्शाया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि आर3 के कारण किसी भी छात्र को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जाएगा।

### राज्य सरकार ने पुलिस कल्याण बोर्ड किया भंग, मुख्यमंत्री ने कहा...

# 'राज्य में पहले शासकों का कानून था, अब कानून का शासन है'

- ऑटो-रिक्शा और टोटो चालकों से वसूली तुरंत बंद करने का आदेश
- शुभेंदु अधिकारी ने डायमंड हार्बर में की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

### पुलिस कर्मियों पर हमले बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने शनिवार को पुलिस कल्याण बोर्ड को भंग कर दिया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कर्मियों पर हमले किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और कानून-व्यवस्था सख्ती से लागू की जाएगी। शुभेंदु ने पुलिसिंग और प्रशासन पर अपनी सरकार का रुख रेखांकित करते हुए कहा कि पहले शासकों का कानून था, अब कानून का शासन है। उन्होंने कहा कि पुलिस कल्याण बोर्ड का गठन नेक इरादे से किया गया था। लेकिन अंततः यह एक पार्टी का मुखौटा संगठन बन गया। मुझे नहीं पता कि इससे पुलिस कर्मियों के कल्याण में क्या लाभ हुआ, लेकिन यह अवैध रूप से (नौकरी की अवधि बढ़ाने का) अड्डा बन गया। कुछ लोगों को व्यक्तिगत रूप से इसका फायदा मिला है। आज हम इस बोर्ड को भंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महिला पुलिस कर्मियों को उनके गृह जिलों के भीतर ही तैनाती में प्राथमिकता दी जाएगी ताकि उन्हें पेशेवर और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने पुलिस को बांग्लादेश के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के नदी क्षेत्रों से होने वाली घुसपैठ के खिलाफ सतर्क रहने को कहा और अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। शुभेंदु ने जबरन वसूली के खिलाफ अपनी सरकार का रुख दोहराते हुए कहा कि ऑटो-रिक्शा और टोटो (ई-रिक्शा) चालकों से अवैध धन की वसूली तुरंत बंद होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से विशिष्ट शिकायतों के साथ आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि पुलिस शिकायतों की जांच करेगी और उसके अनुसार कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई जबरन वसूली में शामिल है, तो इसकी सूचना दें। बैठक में विभिन्न जिलों के प्रशासनिक और पुलिसिंग मुद्दों की समीक्षा की गई, जिसमें राज्य भर के वरिष्ठ अधिकारियों की डिजिटल उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब से राजनीतिक हिंसा से प्रभावित लोग पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकेंगे और अपने दावों के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे, जिसके बाद भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक हिंसा के मामलों में यदि पीड़ितों को किसी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कोई विशेष शिकायत हो, तो वे संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। पुलिस अब निष्पक्ष रूप से कार्य करेगी और अपने साथी पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी शिकायतें स्वीकार करेगी।

**'तोड़फोड़ करने वालों की संपत्ति से वसूली होगी'**

मुख्यमंत्री ने आसनसोल में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शुक्रवार को आसनसोल में एक घटना हुई थी। अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार लोगों को पुलिस हिरासत, रिमांड और सख्त पूछताछ का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई सीधे उनके निजी फंड से कराई जाएगी। किसी को भी सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। यह कोई सही व्यवस्था नहीं थी। मैं किसी एक व्यक्ति को दोषी नहीं ठहरा रहा, लेकिन पूरी व्यवस्था को बिगाड़ दिया गया था। अब हम इसे सही ढंग से चलाएंगे।

**मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर बोला हमला**

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले समय में कानून का राज पूरी तरह से खत्म हो गया था। उन्होंने दावा किया कि नई सरकार व्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शुभेंदु अधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले एक महीने तक पूरे क्षेत्र में सतर्कता और निगरानी बरती जाए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कोलकाता में अवैध निर्माण पर केएमसी का शिकंजा, 3000 इमारतें ढहाने की तैयारी

### तिलजला-तपसिया बना सबसे बड़ा 'रेड जोन'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के भवन विभाग ने शहर के छह बोरो इलाकों में करीब 3,000 ऐसी इमारतों की पहचान की है, जिन्होंने निर्माण नियमों का गंभीर उल्लंघन किया है। निगम ने इन इलाकों को अनौपचारिक तौर पर 'रेड जोन' की श्रेणी में रखा है। इन इलाकों में तिलजला-तपसिया, इकबालपुर-खिदिरपुर, गार्डेनरीच-मटियाब्रुज, बड़ाबाजार-चितपुर तथा बाइपास से सटे कई कॉलोनियां शामिल हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार, सबसे खराब स्थिति तिलजला-तपसिया बेल्ट की है, जहां अवैध निर्माण सबसे अधिक हुआ है। पूरे तिलजला-तपसिया क्षेत्र को ही अब 'रेड जोन' माना जा रहा है। केएमसी अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में करीब 1,000 इमारतें ध्वस्तीकरण की प्रतीक्षा में हैं। अनुमान है कि पिछले दो दशकों में यहां बने लगभग 70 प्रतिशत भवन बिना किसी आधिकारिक अनुमति के खड़े किए गए। अधिकारियों के अनुसार, कई बहुमंजिला अपार्टमेंट घनी आबादी वाले इलाकों में बिना नक्शा स्वीकृति के बना दिए गए। तपसिया, तिलजला, चौभागा और बाइपास से सटे अन्य क्षेत्रों में अवैध निर्माण अब अपवाद नहीं बल्कि सामान्य स्थिति बन चुकी है। केएमसी अधिकारियों का कहना है कि इन इलाकों में नियमित कार्रवाई करना कठिन होता जा रहा है। कई बार बोरो स्तर के भवन विभाग कर्मियों को धमकी, दबाव और टकराव की आशंका के कारण इलाके में प्रवेश करने में भी हिचकिचाहट होती है। यह समस्या केवल तिलजला-तपसिया तक सीमित नहीं है। बड़ाबाजार-रवीन्द्र सरणी और गार्डेनरीच-मटियाब्रुज क्षेत्रों में भी अधिकारियों ने कार्रवाई में भारी कठिनाई की बात कही है। यहां स्थानीय प्रभाव, कमजोर निगरानी और देर से हस्तक्षेप के कारण अवैध निर्माण तेजी से बढ़ा है। इकबालपुर को भी ऐसे संवेदनशील इलाकों के समूह में रखा गया है, जहां अनियंत्रित बहुमंजिला निर्माण निगम की पकड़ से बाहर होता जा रहा है।

## भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद लगा श्रद्धालुओं का तांता, हालात शांतिपूर्ण



एएसआई ने हिंदुओं को भोजशाला में निर्बाध प्रवेश की अनुमति दी

**धार/इंदौर :** धार के विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर घोषित किए जाने के फैसले के अगले दिन शनिवार को इस मध्यकालीन स्मारक में श्रद्धालुओं का तांता लग गया और वे पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। फूल-मालाएं लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षित इस स्मारक में सरस्वती वंदना और मंत्रोच्चार करते देखा गया। श्रद्धालुओं में शामिल युवक गोकुल नागर ने कहा, ''हमने यह दिन देखने के लिए कई साल संघर्ष किया है। हम बहुत खुश हैं कि अब हम हर दिन भोजशाला में पूजा-अर्चना कर सकेंगे, जबकि पहले हमें केवल मंगलवार को इसका मौका मिलता था।'' एक अन्य श्रद्धालु संजय ने बताया कि वह वाग्देवी की एक तस्वीर को भोजशाला में स्थापित करने की इच्छा के साथ उसे स्मारक में ले जा रहे थे, लेकिन अधिकारियों ने यह कहते हुए उन्हें रोक दिया कि इस विषय में एएसआई के नियम-कायदे अभी तय किए जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि वह विवादित स्मारक की कानूनी स्थिति को समझते हैं और भोजशाला परिसर में एएसआई अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे। इंदौर ग्रामीण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धार में हालात शांतिपूर्ण हैं और श्रद्धालु भोजशाला में दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार में 1,200 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने शुक्रवार को अपने फैसले में भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर की धार्मिक प्रकृति वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर के रूप में निर्धारित की। अपने 242 पृष्ठों के फैसले में उच्च न्यायालय ने एएसआई के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस परिसर में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी।

## सरकार ने चांदी के आयात पर अंकुश लगाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शनिवार को चांदी के आयात को प्रतिबंधित श्रेणी में रखने का निर्णय किया। कीमती धातुओं पर भारी सीमा शुल्क लगाने के कुछ ही दिनों बाद यह कदम उठाया गया है। प्रतिबंधित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए सरकारी लाइसेंस की आवश्यकता होती है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सोने और प्लैटिनम के साथ मिलाई जाने वाली चांदी सहित चांदी की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में कर दिया गया

## संविधान में निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व की अनिवार्यता नहीं : केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में कहा है कि निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति में न्यायपालिका का प्रतिनिधित्व संविधान के तहत अनिवार्य नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के सदस्य को शामिल करना केवल विधायी विकल्प है, कोई संवैधानिक आवश्यकता नहीं।

# नीट-यूजी के प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समिति की सदस्य और जीव विज्ञान की प्रवक्ता गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को जीव विज्ञान की उस प्रवक्ता को गिरफ्तार कर लिया जो तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की समिति का हिस्सा थीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी प्रश्नपत्र लीक मामले में कथित सरगना पी.वी. कुलकर्णी और अन्य आरोपियों से पूछताछ के आधार पर की गई है। सीबीआई ने बताया कि जीव विज्ञान की प्रवक्ता मनीषा मंधारे को यहां एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वह कथित तौर पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) से जुड़ी परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं और एनटीए द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त की गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि मंधारे के पास वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के प्रश्नपत्रों तक पूरी पहुंच थी। आरोप है कि मंधारे ने पुणे की मनीषा वाघमारे (जिन्हें 14 मई को गिरफ्तार किया गया था) के माध्यम से अप्रैल 2026 में नीट के संभावित अभ्यर्थियों को जुटाया और पुणे स्थित उनके आवास पर इन अभ्यर्थियों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित की गईं। आरोप है कि मंधारे ने लीक हुए प्रश्न और उनके उत्तर चुनिंदा छात्रों को लिखवाए और इसके बदले में लाखों रुपये शुल्क के रूप में वसूले। इनमें से अधिकांश प्रश्न तीन मई को आयोजित परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से मेल खाते थे।

### केंद्र ने एनटीए में दो संयुक्त सचिवों, दो संयुक्त निदेशकों की नियुक्ति की

केंद्र सरकार ने नीट-यूजी परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से सवालों के घेरे में आई राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में शनिवार को दो संयुक्त सचिवों और दो संयुक्त निदेशकों की नियुक्ति की। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, भारतीय सांख्यिकी सेवा की 1998 बैच की अधिकारी अनुजा बापट और भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) की 2004 बैच की अधिकारी रुचिता विज पांच साल के लिए एनटीए में संयुक्त सचिव होंगी। मंत्रालय ने एक अलग आदेश में कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी आकाश जैन और भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा के अधिकारी आदित्य राजेंद्र भोजगड़िया को एनटीए में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

# एनसीबी ने पहली बार पश्चिम एशिया में प्रचलित 'कैप्टागन' की 182 करोड़ रुपये मूल्य की खेप जब्त की



**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'कैप्टागन' की तस्करी में संलिप्त अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और 182 करोड़ रुपये मूल्य का 227.7 किलोग्राम 'जिहादी ड्रग' जब्त किया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस सफलता की घोषणा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट कर पहली बार 'कैप्टागन' की खेप जब्त करने के लिए एजेंसी की सराहना की। सूत्रों के अनुसार, 'कैप्टागन' फेनेथाइलीन नामक एक कृत्रिम उत्तेजक दवा का प्रचलित नाम है, जिसे 1960 के दशक में विकसित किया गया था। पश्चिम एशिया के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और चरमपंथी नेटवर्क द्वारा इसका दुरुपयोग एवं तस्करी किए जाने के लगातार सामने आए मामलों तथा खुफिया सूचनाओं के कारण इसे अक्सर 'जिहादी ड्रग' के नाम से भी जाना जाता है। यह शब्द इसलिए प्रचलन में आया क्योंकि माना जाता है कि इस दवा के उत्तेजक प्रभाव उपयोगकर्ताओं को लंबे समय तक जागे रहने, थकान दूर रखने, आक्रामकता तथा जोखिम उठाने की प्रवृत्ति बढ़ाने और तनावपूर्ण परिस्थितियों में लंबे समय तक युद्ध जैसी गतिविधियों में सक्रिय बने रहने में मदद करते हैं। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार ''नशामुक्त भारत'' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमारी एजेंसियों ने 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत पहली बार 'जिहादी ड्रग' कहे जाने वाले मादक पदार्थ कैप्टागन की 182 करोड़ रुपये की खेप जब्त की है। यह बड़ी उपलब्धि है।''

### नीदरलैंड के हेग में प्रवासी भारतीयों को संबोधन

# भारत की आकांक्षाएं अब 'सीमाओं तक सीमित नहीं हैं' : मोदी



**हेग :** भारत को ''अवसरों की भूमि'' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश अभूतपूर्व परिवर्तन से गुजर रहा है और इसकी आकांक्षाएं अब इसकी सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। नीदरलैंड के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत बड़े सपने देख रहा है और उसके युवा आसमान छूने की आकांक्षा रखते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने 40 मिनट से अधिक के संबोधन में कहा, 21वीं सदी का भारत अवसरों की भूमि है। भारत प्रौद्योगिकी और मानवता दोनों से प्रेरित है। भारत जितना प्राचीन है, उतना ही आधुनिक भी हो रहा है। इसलिए, यह भारत में अपने पैतृक गांवों से जुड़ने और विकसित भारत की यात्रा में भागीदार बनने का भी सही समय है। उन्होंने नीदरलैंड में भारत के सभी मित्रों से भारत के साथ सहयोग को यथासंभव बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने श्रोताओं की तालियों के बीच कहा, ''इससे भारत की क्षमता में भी वृद्धि होगी और आपके निवेश पर प्रतिफल भी अधिक होगा। यह मोदी की गारंटी है।'' मोदी ने कहा, ''आज हमारा भारत बड़े सपने देख रहा है। आज भारत कह रहा है कि हमें केवल परिवर्तन ही नहीं चाहिए, हमें सर्वश्रेष्ठ चाहिए, हमें सबसे तेज गति चाहिए। इसीलिए जब भारत में असीमित आकांक्षाएं हैं, तो प्रयास भी असीमित होते जा रहे हैं।'' उन्होंने भारत के स्टार्टअप परिवेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप नेटवर्क है। उन्होंने कहा, आज भारत की आकांक्षाएं अब इसकी सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। भारत ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनना चाहता है, हरित ऊर्जा में अग्रणी बनना चाहता है और विश्व का विकास इंजन बनना चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज का भारत अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आपने हाल ही में देखा होगा कि भारत ने विश्व के सबसे बड़े और सबसे सफल एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। इससे पहले, भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन की भी सफलतापूर्वक मेजबानी की थी। यह कोई एक बार की घटना नहीं थी, अब यह आज के भारत का स्वरूप बन गया है। भारत के अंतरिक्ष मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, भारत चंद्रमा के उस हिस्से तक पहुंचा जहां पहले कोई नहीं पहुंच सका था। भारत ने 2023 में इतिहास रच दिया जब उसके चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के सुदूर भाग पर सफलतापूर्वक 'सॉफ्ट लैंडिंग' की। यह याद दिलाते हुए कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर या उससे अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) कंपनियां थीं, मोदी ने कहा कि अब भारत में लगभग 125 सक्रिय यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। उन्होंने कहा, आज हमारे स्टार्टअप एआई, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की यह संस्कृति और भी व्यापक होती जा रही है।




## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 मई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 21:41 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 14:31 तक, योग : शोभना, 06:13 तक, सूर्योदय: 05:04, सूर्यास्त: 18:02, चन्द्रोदय : 05:33, चन्द्रास्त: 19:37, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 17:04 से 18:43

## साप्ताहिक : राशिफल 17-05-26 से 23-05-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** आने वाला नया सप्ताह मेष राशि के जातकों के लिए सही रहेगा। आप मानसिक तनाव से परेशान हो सकते हैं। इस सप्ताह आपके पास धन आता रहेगा। खर्च होने के बाद भी आर्थिक स्थिति पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। व्यापारी लोग अपने परिवार के सपोर्ट से व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। नौकरीपेशा वाले जातकों को अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर नए सप्ताह में परेशानी हो सकती है। आपका प्रिय पात्र से किसी बात पर झगड़ा हो सकता है, लेकिन सप्ताह के अंत में सब ठीक हो जाएगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। अपनी सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। किसी भी प्रकार का मानसिक तनाव ना पालें। आर्थिक स्थिति इस हफ्ते बढ़िया रहेगी। खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन परेशानी नहीं होगी। व्यापारी अपने सहकर्मियों से मधुरता का व्यवहार बनाए रखें, वरना विवाद हो सकता है। नौकरी वाले जातकों को यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रेम संबंधों के लिए सप्ताह अच्छा है। वैवाहिक संबंधों को अच्छा बनाए रखने के लिए मधुर वाणी बोलें। शिक्षा के लिए अच्छा समय रहेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह मिथुन राशि के जातकों को सावधानी बरतनी होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वरना कोई बीमारी परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी आपकी इनकम बढ़ेगी। इसके साथ-साथ खर्च भी लगे रहेंगे। व्यापारी लोग व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए संपर्क कर सकते हैं। नौकरी वाले जातकों को काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। वैवाहिक संबंधों में भी तनाव का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षा और ज्ञान के लिए यह सप्ताह अच्छा है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम दिखाई दे रहा है। नए सप्ताह मे आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आपका व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरीपेशा वाले जातक सावधान रहें। किसी की चुगली ना करें। प्रेम संबंधों में भी सावधानी बरतें। परिवार की जिम्मेदारी का असर आपके प्रेम जीवन पर पड़ सकता है। वैवाहिक संबंधों को लेकर संतुष्ट रहेंगे और आनंदमय समय बिताएंगे। शिक्षा में अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह सही रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। पुरानी गलत आदतों को छोड़ने की कोशिश करें। आर्थिक स्थिति के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। धन की कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापार के सिलसिले में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। प्रेम संबंधों में सावधान रहें। किसी तीसरे व्यक्ति के चलते रिश्तों में तनाव आ सकता है। छात्र अपनी शिक्षा को लेकर सीरियस नहीं रहेंगे। भाई-बहनों संग मटरगश्ती में समय बितेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस राशि के जातकों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत की बात करें तो सप्ताह की शुरुआत में थोड़ी परेशानी आ सकती है। आर्थिक स्थिति इस सप्ताह अच्छी रहेगी। आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने की सोच सकते हैं। व्यापारियों के लिए यह सप्ताह शानदार दिखाई दे रहा है। आपको बिजनेस में मनचाहा प्रॉफिट मिलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा है। अपने कार्यक्षेत्र में मन लगाकर कार्य करें। शिक्षा की बात करें आपके लिए समय अच्छा रहेगा। कंपटीशन की तैयारी करने वाले छात्रों को सफलता के लिए थोड़ा समय और लग सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सावधानी से रहने वाला रहेगा। इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी प्रकार का कोई शारीरिक कष्ट नहीं रहेगा। आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी। आप कोई प्रॉपर्टी या जमीन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। व्यापार करने वाले जातकों को समस्याएं परेशान कर सकती हैं। कानूनी दांवपेचों से बचें। अपने व्यापार के सभी कागजातों को सही रखें। नौकरीपेशा जातकों को माहौल अच्छा मिलेगा। इस सप्ताह आपके प्रेम संबंधों में थोड़ा तनाव दिखाई दे रहा है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** आने वाला सप्ताह इस राशि के जातकों के लिए मध्यम रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आपको सावधान रहना होगा। अधिक ठंडे पदार्थों के सेवन से बचें। आर्थिक स्थिति के लिए यह सप्ताह अच्छा है। नौकरीपेशा वाले जातकों को ऑफिस में मान सम्मान मिल सकता है। व्यापार को लेकर भी आप संतुष्ट रहेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। अपने प्रिय पात्र के साथ आनंदित रहेंगे। शादीशुदा जीवन थोड़ा परेशानी वाला रहेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सावधानी वाला रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। कमजोरी के चलते कोई बीमारी हो सकती है। आर्थिक स्थिति पर ध्यान बनाएं रखें। व्यापारी अपने व्यापार को लेकर संतुष्ट रहेंगे। बिजनेस के सिलसिले में टूर पर जा सकते हैं। नौकरी करने वाले जातको का प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों में तनाव दिखाई दे रहा है। अपने प्रिय पात्र से संतुलित बात करें, अच्छा रहेगा। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी संग प्रसन्न रहेंगे। शिक्षा के लिए भी समय ठीक रहेगा। आप विदेश जाकर भी पढ़ाई कर सकते हैं।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आर्थिक स्थिति को लेकर आपको तंगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। व्यापारी अपने बिजनेस में नए पुराने मित्रों के साथ मिलकर निवेश कर सकते हैं। नौकरीपेशा वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई में विशेष ध्यान देना होगा, तभी उन्हें उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कंपटीशन की तैयारी करने वाले जातकों के लिए सबसे अच्छा रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आपको सावधान रहना होगा। खानपान पर विशेष ध्यान दें और तले-भुने भोजन से दूर रहें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारियों को अपने व्यापार में गवर्नमेंट सेक्टर से लाभ हो सकता है। नौकरी करने वाले जातकों को ओवरकॉन्फिडेंस से बचना होगा। प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें। वैवाहिक संबंधों में घमंड को दूर रखें। पढ़ाई-लिखाई में विद्यार्थियों का अपना मन लगाना होगा, वरना मनमुताबिक परिणाम नहीं मिलेंगे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपकी सेहत बिगड़ सकती है। धन की स्थिति अच्छी रहेगी। पूरे सप्ताह धन की आवक बनी रहेगी। जिससे आपके सभी कार्य पूरा होंगे। व्यापारी अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए समझदारी से कम लेंगे। नौकरी वाले जातको को भी कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। प्रेम संबंधों में प्रेम और भावना देखने को मिलेगी। यह सप्ताह शिक्षा और ज्ञान के लिए अच्छा रहेगा।

# अब विकास, कानून-व्यवस्था और सुशासन के लिए जाना जाता है उत्तर प्रदेश : हरदीप सिंह पुरी

## केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गोरखनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**गोरखपुर:** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का मानना है कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में 'उल्लेखनीय' बदलाव आया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने पिछले नौ वर्षों में देश में एक मजबूत पहचान बनाई है। पुरी ने शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, केंद्रीय मंत्री के रूप में पिछले कुछ वर्षों में मैंने उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन देखा है, वह अद्भुत है। ऐसा उदाहरण देश में कहीं और देखने को नहीं मिलता। पुरी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश ने विकास, सुशासन और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में नयी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि पहले जहां राज्य की चर्चा जनसंख्या और चुनौतियों को लेकर होती थी, वहीं अब यह निवेश, कानून-व्यवस्था और विकास के लिए जाना जाता है। बेहतर कानून-व्यवस्था ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है और राज्य निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दृढ़ प्रशासक हैं, जिनमें हर विषय को गहराई से समझने और निर्णय को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता है। उन्होंने एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर मुख्यमंत्री के साथ हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रहित में इस प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश में लागू करने पर बल दिया है। गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को उन्होंने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। पुरी ने कहा कि यह केवल एक स्टेडियम परियोजना नहीं है, बल्कि युवाओं के सपनों और संभावनाओं को नयी दिशा देने वाला कदम है। इस परियोजना में पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत इंडियन ऑयल ने 60 करोड़ रुपये का योगदान दिया है, जबकि अन्य तेल कंपनियों ने भी अपनी हिस्सेदारी निभाई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम भविष्य में नयी खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करेगा और खेलों के क्षेत्र में देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे पूर्वांचल को बड़ी सौगात दी है। पासवान ने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र से रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी निकलेंगे और वर्ष 2029 तक यहां आईपीएल मैचों का आयोजन भी संभव होगा।

### गोरखपुर में विश्वस्तरीय खेल परिसर का निर्माण होगा : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को घोषणा की कि गोरखपुर में विश्वस्तरीय खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर में 393 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्टेडियम से सटी 60 एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय खेल परिसर भी विकसित किया जाएगा। ताल नदोर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 46 एकड़ क्षेत्र में 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा, जबकि 60 एकड़ में बनने वाले खेल परिसर में सभी प्रकार के इंडोर खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा हॉकी जैसे आउटडोर खेलों की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत द्वारा बोली लगाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत की वैश्विक भागीदारी को बढ़ा रहे हैं और भारतीय खिलाड़ियों को अपने ही देश में प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने कहा, राष्ट्रमंडल खेल 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होंगे और भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है। इन आयोजनों से देश की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम और खेल परिसर (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) के निर्माण से क्षेत्र में होटल, रेस्तरां और बाजारों का विकास होगा, जिससे रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे।

## गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार करेगी पूरी मदद : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उपचार में पूरी सहायता देगी जिसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड भी बनवाए जाएंगे। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करीब 200 लोगों से मिले और उन्होंने लोगों से प्रार्थना पत्र लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समाधान समयबद्ध, निष्पक्ष और संतो-षजनक ढंग से किया जाए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। एक महिला ने अपने बच्चे के इलाज में आर्थिक कठिनाई और आयुष्मान कार्ड न होने की समस्या बताई जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'चिंता मत करिए, बच्चे का इलाज जरूर होगा। आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाएगा और विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने एक अन्य महिला को भी इसी तरह भरोसा दिलाया। इलाज से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि उपचार के अनुमानित खर्च का ब्योरा तैयार कर जल्द शासन को भेजा जाए। बयान के अनुसार, अपराध और जमीन कब्जाने से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### बलिया में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी रिश्तेदार गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी बच्ची का रिश्तेदार है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार की दोपहर 40 वर्षीय आरोपी बच्ची को गांव के एक खंडहर में ले गया और उससे दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़ित बच्ची की दादी की तहरीर पर शुक्रवार को रसड़ा कोतवाली में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि तहरीर में घटना का वीडियो बनाने का भी उल्लेख है।

## आंधी-तूफान से प्रभावितों की मदद करे सरकार, महंगाई पर भी नियंत्रण जरूरी : मायावती




**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य में हाल में आए आंधी-तूफान से हुई भारी तबाही पर चिंता जताते हुए शनिवार को कहा कि राज्य सरकार को प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद के लिए आगे आना चाहिए और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हाल में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में आए भीषण आंधी-तूफान से जान-माल की भारी क्षति हुई है। प्रभावित लोगों और परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार को पूरी उद-ारता के साथ हर प्रकार से सहयोग करना चाहिए। ताकि प्रभावित लोग अपने उजड़े और बिखरे पारिवारिक जीवन को समेटकर दोबारा सामान्य जिंदगी शुरू कर सकें।'

### रांची में छात्रावास में पंखे से लटका मिला मेडिकल छात्र का शव

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में मेडिकल छात्र का शव शनिवार को छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अक्षत कुमार (21) के रूप में हुई है, जो सिमडेगा जिले का निवासी था और वह यहां राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। बरियातु पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा, 'सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। अक्षत के छात्रावास के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। हमने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उसका शव छत के पंखे की मदद से बनाए गए फंदे से लटका हुआ मिला।' उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मेडिकल छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृत्यु का सटीक कारण शव के पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।

## हरिद्वार में प्रतीक यादव की अस्थियां विसर्जित, परिवार ने दी भावुक विदाई



**लखनऊ/हरिद्वार:** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव की अस्थियां शनिवार को हरिद्वार के चौधरी चरण सिंह वीवीआईपी घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ गंगा नदी में विसर्जित की गईं। परिवार के कुछ सदस्य सुबह लखनऊ से हरिद्वार पहुंचे। बदायूं से सपा सांसद आदित्य यादव की मौजूदगी में अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। योग गुरु स्वामी रामदेव भी इस प्रक्रिया में शामिल हुए। अस्थि विसर्जन के दौरान आदित्य यादव ने गंगा नदी में प्रतीक यादव की अस्थियां प्रवाहित कीं। इस मौके पर प्रतीक यादव की पत्नी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता अपर्णा यादव भावुक होकर रो पड़ीं। प्रतीक और अपर्णा यादव की छोटी बेटी पद्मजा ने 'आई लव पापा' लिखा हुआ एक कार्ड गंगा में प्रवाहित किया। यह दृश्य देखकर घाट पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। पद्मजा अस्थियों को माथे से लगाकर रो पड़ीं, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। बाबा रामदेव की मौजूदगी में हरिद्वार घाट पर विधि-विधान से अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गयी। अपर्णा यादव ने अपनी बेटियों प्रथमा और पद्मजा के साथ नम आंखों से पति को अंतिम विदाई दी। प्रतीक यादव के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हरिद्वार में प्रतीक यादव का अस्थि विसर्जन सम्पन्न हो गया है। इस अवसर पर योग गुरु रामदेव, बदायूं के सांसद आदित्य यादव, फिरोजाबाद के सांसद अक्षय यादव, अपर्णा के भाई अमन बिष्ट सहित कई लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि प्रतीक यादव के निधन की सूचना मिलते ही जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि लखनऊ पहुंचे थे और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की थी। प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को लखनऊ में उनके ससुर अरविंद बिष्ट ने सम्पन्न कराया था।

## मथुरा के स्कूल में बेटी के उल्टी करने के बाद मां से साफ कराया गया फर्श




**मथुरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक निजी स्कूल में तीन साल की बच्ची के उल्टी करने पर उसकी मां से फर्श साफ करवाने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्ची की मां प्रियंका शर्मा ने बताया कि बालाजी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नर्सरी में पढ़ने वाली उनकी तीन वर्षीय बेटी की आठ मई को तबीयत खराब हुई और उल्टी होने लगी। शर्मा ने कहा कि स्कूल ने इलाज की व्यवस्था करने के बजाय बेटी को दो घंटे तक उसी हालत में रखा, उन्हें बुलाकर फर्श साफ करवाया और दाखिला रद्द करने की धमकी भी दी। मामला तब सामने आया जब घटना की सूचना मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कार्यकर्ताओं ने स्कूल के बाहर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि विवाद बढ़ने पर स्कूल प्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने गोविंद नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक को लिखित माफीनामा सौंपा है। अधिकारियों के अनुसार उन्होंने गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा न करने और स्कूल में पेयजल व सफाई की बेहतर व्यवस्था का आश्वासन दिया है।

## झारखंड में निर्माण कंपनी के कर्मचारियों के अपहरण के आरोप में पांच गिरफ्तार



**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक निर्माण कंपनी के दो कर्मचारियों का कथित तौर पर अपहरण करने और उनसे 10 लाख रुपये की मांग करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर बृहस्पतिवार देर रात मानगो फ्लाईओवर के निर्माण में लगे पर्यवेक्षक और सहायक प्रबंधक का अपहरण कर लिया। बयान के अनुसार, आरोपी तड़के करीब तीन बजे बिना नंबर प्लेट वाली सफेद बोलेरो गाड़ी में निर्माण स्थल पर पहुंचा और 10 लाख रुपये की मांग की। इसमें कहा गया है कि कर्मचारियों ने जब उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो अप-हरणकर्ताओं ने कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की और फिर उन्हें जबरन वाहन में बैठाकर ले गए। घटना की पुष्टि के बाद, ओ-लीडीह पुलिस ने पर्यवेक्षक विजय कुमार ओझा की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले की जांच करने और पीड़ितों को मुक्त कराने के लिए शहर के एसपी ललित मीणा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (पटमदा) वचनदेव कुजूर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने बाद में मानगो पुलिस थाना क्षेत्र में छापेमारी की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद दोनों पीड़ितों को सुरक्षित बचा लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सरायकेला-खरसावां जिले के शिव गौड़ (29) और पूर्वी सिंहभूम जिले के नितेश गोप (21), आकाश प्रधान (27), देवाशीष प्रधान (27) और शैलेश गोप (26) के रूप में की गई।

## वर्ग पहेली नं. 3441

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | | ■ |
| 7 | 8 | | | ■ | | ■ | 9 | | 10 |
| ■ | | ■ | ■ | 11 | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| 18 | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | | ■ |
| 21 | | 22 | ■ | ■ | 23 | | 24 | | ■ |
| | ■ | 25 | | 26 | | ■ | | ■ | 27 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 28 | | | |

**बायें से दायें:-** 1) बेबस, 3) भड़कना, 6) संकट, 7) भिड़ना, 9) पेशगी, 12) एक ग्रह, 13) कटुता, 16) गर्मजोशी, 18) पिसान, 19) शरारत, 21) शवयात्रा, 23) एक वाहन, 25) प्रक्षेपास्त्र, 28) घुमक्कड़ी.

**ऊपर से नीचे:-** 1) क़रीबी, 2) एक नदी, 3) भूमिखंड; जमात, 4) नहीं, 5) अपराधी संग-टन, 8) अति क्रोध से दाँत पीसना, 9) उचित प्रमाण से अधिक, 10) चिंताजनक, 11) अनर्थ, 14) धन्य, 15) सिक्के बनाने का स्थान, 17) पगला, 18) इन दिनों, 20) निर्धारित, 22) ज़मानत, 24) भाड़ा, 26) मुहब्बत, 27) शिशु के लिए पालना - गीत.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | सा | त | ■ | च | क | ना | चू | र |
| ग | ■ | म | र | ह | म | ■ | ■ | हा | ■ |
| ल | गा | ना | ■ | या | क | ■ | बो | ■ | गौ |
| ■ | ग | ■ | हि | त | ■ | ब | रा | ब | र |
| ■ | र | हि | त | ■ | स | स्ता | ■ | र | ■ |
| अ | ■ | ■ | चिं | पां | जी | ■ | ■ | क | ल्ला |
| वि | सं | ग | त | ■ | व | सी | य | त | ■ |
| श्वा | ■ | ह | क | ला | ■ | ल | ■ | ■ | धि |
| स | म्मा | न | ■ | र | ह | न | स | ह | न |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3399

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 8 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | 9 | | 1 | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | | | | | 2 | | | 4 |
| | | | 6 | | | | 5 | 8 |
| 4 | | | | 1 | 7 | | | |
| | | 1 | | | | | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3398 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 4 |

# अभिषेक के कारण डायमंड हार्बर के लोग एक दशक से मताधिकार से वंचित : शुभेंदु अधिकारी

❑ 'कहां है पुष्पा?', सीएम ने फलता में दोबारा वोटिंग से पहले जहांगीर खान को दी चेतावनी
❑ कहा... 'दीदी-भतीजे के हर पाप का हिसाब होकर रहेगा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर के लोग एक दशक पहले स्थानीय तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के राज्य की राजनीति में प्रवेश करने के बाद से अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं और डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली फलता विधानसभा सीट पर 21 मई को होने वाला पुनर्मतदान मतदाताओं के अधिकारों को बहाल करेगा। फलता



में भाजपा कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों से अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज की घोषणा की। इस दिन, मुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांडा के समर्थन में अपनी पहली राजनीतिक सभा में शुभेंदु ने कहा कि फलता में पुनर्मतदान के जरिये मतदाताओं के अधिकार बहाल होंगे, जहां लोग भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के राजनीति में आने के बाद पिछले 10 वर्ष से वोट नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा कि अब हालात बदल चुके हैं। मैं फलता के मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे भाजपा उम्मीदवार को एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जिताएं। अधिकारी ने कहा कि उनकी पार्टी और स्थानीय प्रशासन उन लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे, जो चुनाव के बाद संभावित हिंसा के डर से दूसरी जगह चले गए थे। उन्होंने कहा कि लेकिन यह वापसी 'शर्तों पर आधारित' होगी। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के 57 कार्यकर्ता मारे गए थे और 12,500 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। यदि इनमें से कोई भी फरार व्यक्ति उन प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामजद है, तो हम उन्हें घर लौटने की अनुमति नहीं देंगे। हम उनके बाल खींचकर उन्हें जेल में डाल देंगे। अधिकारी ने हिंसा-मुक्त चुनाव की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें 'लीप्स एंड बाउंड्स' नामक निजी कंपनी की संपत्तियों से संबंधित फाइल मिल गई हैं, जो कथित रूप से बनर्जी से जुड़ी हुई है। अधिकारी ने कहा कि जल्द ही उनकी जांच शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'टीएमसी द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर किए गए अत्याचार' को भूले नहीं हैं। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पुलिस को पुराने राजनीतिक अपराधों में प्राथमिकी दर्ज करने और केंद्रीय योजनाओं में धन के दुरुपयोग की शिकायतें दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि वे राजनीतिक अपराधों की शिकायतें दर्ज करें, चाहे वे पांच साल पुराने हों या उससे अधिक। अपराधियों को गिरफ्तार करें और उन्हें जेल में डालें। एक भी गुंडा घर में नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे उन लोगों की पहचान करके उन्हें जेल में डालें, जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, चक्रवात अम्फान राहत, मनरेगा, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था और विधवा योजनाओं के लिए केंद्र द्वारा आवंटित सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। अधिकारी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी पुलिस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने मुझे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर सिर्फ दिखावे के लिए नहीं बिठाया। वे न्याय चाहते हैं, और मैं उन्हें वह न्याय दिलाऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को तोड़ने और अपमान से जुड़े मामलों की पुलिस फाइल फिर से खोली जाएंगी। फलता से टीएमसी के उम्मीदवार जहांगीर खान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें 'नामित कुख्यात अपराधी' बताया और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से उसके मामले को देखेंगे। अधिकारी ने कहा कि 2019 के चुनाव के बाद हुए अपराधों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य में 19 कुख्यात अपराधियों की सूची जारी की थी। भतीजे का समर्थन प्राप्त जहांगीर उनमें से एक था। तथाकथित पुष्पा, जो अब दिखाई नहीं देता है, उसे मुझे सौंप दो। अब मैं उसे देखूंगा।

## अब हाई कोर्ट की विशेष डिवीजन बेंच में होगी आरजी कर मामले की सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की छात्रा-चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले की सुनवाई अब कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक विशेष डिवीजन बेंच को सौंप दी गई है। शनिवार को अदालत सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने यह मामला न्यायमूर्ति शंपा सरकार और न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की विशेष डिवीजन बेंच को भेजा है। बता दें कि इससे पहले समयाभाव का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति देबांशु बसाक की डिवीजन बेंच इस मामले की सुनवाई से अलग हो गई थी। उससे कुछ दिन पहले न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की डिवीजन बेंच ने भी इसी कारण से मामले से स्वयं को अलग कर लिया था।

## 'पद्मगढ़' पर विशेष नजर! मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर बंगाल के पहले दौरे पर जाएंगे शुभेंदु अधिकारी

❑ **होगी बड़ी प्रशासनिक बैठक**

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार शुभेंदु अधिकारी उत्तर बंगाल दौरे पर जा रहे हैं। आगामी 20 मई को उनका यह महत्वपूर्ण दौरा होने जा रहा है, जिसे लेकर राज्य प्रशासन में अभी से व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल के प्रशासनिक मुख्यालय उत्तरकन्या में जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक करेंगे।

इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, विकास परियोजनाओं की स्थिति और प्रशासनिक समन्वय जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर बंगाल के संवेदनशील इलाकों के साथ-साथ 'पद्मगढ़' क्षेत्र पर भी सरकार विशेष नजर रख रही है। प्रशासन को विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। बैठक में यह भी समीक्षा की जाएगी कि किन योजनाओं का काम तेज गति से चल रहा है और किन परियोजनाओं में देरी हो रही है।

उत्तर बंगाल दौरे के अगले दिन यानी 21 मई को मुख्यमंत्री दुर्गापुर में पश्चिमांचल के पांच जिलों-पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्दवान, बीरभूम और पूर्व बर्दवान-के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग बैठक करेंगे। इन जिलों में चल रही विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की स्थिति, अधूरे कार्य, विकास योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

राज्य सरकार की ओर से संबंधित जिलों को निर्देश दिया गया है कि सभी विभाग अपनी-अपनी परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर बैठक में प्रस्तुत करें। खास तौर पर उन योजनाओं की जानकारी मांगी गई है, जिनका काम धीमी गति से चल रहा है या जिनमें प्रशासनिक बाधाएं सामने आ रही हैं।

मुख्यमंत्री के लगातार प्रशासनिक बैठकों के इस कार्यक्रम को नई सरकार की सक्रिय कार्यशैली और जमीनी स्तर पर निगरानी मजबूत करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## भाजपा सरकार ओबीसी आरक्षण बहाली वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से लेगी वापस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई भाजपा सरकार ने एक बड़ा और नीतिगत फैसला लिया है। राज्य सरकार ने तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल किए गए 77 समुदायों के आरक्षण को बहाल करने की मांग वाली सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को वापस लेने का निर्णय किया है। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 22 मई 2024 को एक ऐतिहासिक फैसले में इन समुदायों के ओबीसी दर्जे को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था, जिसके खिलाफ तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार सुप्रीम कोर्ट गई



थी। खबर है कि नई भाजपा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को औपचारिक पत्र भेजकर ममता सरकार द्वारा दो साल पहले दायर की गई इस याचिका को वापस लेने का अनुरोध किया है। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत से इस मामले पर त्वरित सुनवाई की अपील की है ताकि याचिका वापसी की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।

## कोलकाता में अवैध पार्किंग पर लालबाजार की सख्ती, नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने पर लगेगा जुर्माना

**कोलकाता :** शहर में बढ़ती अवैध पार्किंग की समस्या पर लगाम लगाने के लिए लालबाजार ने कड़ा रुख अपनाया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई अहम निर्देश जारी किए हैं। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है और शहर के सभी 27 ट्रैफिक गार्ड क्षेत्रों में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट कर दिया गया है कि कोलकाता नगर निगम द्वारा अनुमोदित पार्किंग ज़ोन के बाहर वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी।

निर्देश में यह भी कहा गया है कि बिना अनुमति सड़क किनारे पैसे लेकर पार्किंग कराने वालों के



खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नो पार्किंग ज़ोन या निर्धारित पार्किंग क्षेत्र के बाहर वाहन खड़ा करने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही अधिकृत पार्किंग ज़ोन में केवल वन लाइन पार्किंग की अनुमति होगी, दोहरी लाइन में वाहन खड़ा नहीं किए जा सकेंगे।

नगर निगम से अनुमति प्राप्त पार्किंग एजेंसियों को अपने क्षेत्र में डिस्प्ले बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। बोर्ड पर पार्किंग क्षेत्र की सीमा, कितने वाहन पार्क किए जा सकते हैं और पार्किंग शुल्क कितना है, इसकी जानकारी देनी होगी। पार्किंग कर्मियों के लिए यूनिफॉर्म पहनना भी अनिवार्य किया गया है।

पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद शहर के कई इलाकों में विशेष अभियान शुरू हो गया है। डलहौजी, पार्क स्ट्रीट, बड़ा बाजार, सियालदह, हरीश मुखर्जी रोड, आशुतोष मुखर्जी रोड, गड़ियाहाट समेत कई व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। साउथ ट्रैफिक गार्ड की ओर से कई जगहों पर कार्रवाई की गई है। अधिकृत पार्किंग ज़ोन की लगातार निगरानी की जा रही है और अवैध पार्किंग रोकने के लिए कई स्थानों पर नो पार्किंग ज़ोन घोषित कर गार्ड रेल भी लगाए गए हैं।

## कोलकाता पुलिस के डीसी शांतनु सिन्हा विश्वास पर सहकारी बैंक के जरिए लेनदेन का आरोप

❑ **लालबाजार ने शुरू की जांच**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शांतनु सिन्हा विश्वास एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। आर्थिक लेनदेन, जमीन कब्जाने और प्रशासनिक प्रभाव के इस्तेमाल को लेकर उठे आरोपों के बाद लालबाजार ने उनके खिलाफ आंतरिक जांच शुरू कर दी है। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय भी मामले की अलग से पड़ताल कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस की बॉडीगार्ड लाइंस परिसर में मौजूद एक सहकारी बैंक में कई खाते खुलवाए गए थे। आरोप है कि इन खातों को खुलवाने में दबाव डाला गया और बाद में उन्हीं खातों के जरिए बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन किए गए। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय में हलचल तेज हो गई है।

### ईडी की कार्रवाई के बाद डिप्टी कमिश्नर की सेवाएं समाप्त

राज्य सरकार ने ईडी की कार्रवाई के बाद कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीते दिनों गिरफ्तार किया था। शांतनु सिन्हा बिस्वास उन अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें पिछली ममता बनर्जी की सरकार ने दो साल का सेवा विस्तार (एक्सटेंशन) दिया था। नई भाजपा सरकार ने सिन्हा बिस्वास का सेवा विस्तार समाप्त कर दिया है। राज्य सचिवालय 'नवान्न' के एक अंदरूनी सूत्र के अनुसार, सेवा विस्तार पाने वाले अन्य अधिकारियों के विपरीत, सिन्हा बिस्वास को इस्तीफा देने का अवसर नहीं दिया गया। इसके बजाय, राज्य सरकार ने सीधे तौर पर उनका सेवा विस्तार समाप्त कर दिया।

अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इन लेनदेन का नेटवर्क कितना बड़ा था और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका थी। ईडी की जांच में एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

बताया जा रहा है कि सरकारी दस्तावेजों में शांतनु सिन्हा विश्वास ने जो फर्न रोड स्थित पता दर्ज कराया था, उस संपत्ति को लेकर पहले से कानूनी विवाद और अवैध निर्माण की शिकायतें थीं। जांच एजेंसियों को संदेह है कि प्रभाव का इस्तेमाल कर उस संपत्ति पर कब्जा बनाए रखा गया। अब उस पूरे मामले की फाइल भी दोबारा खंगाली जा रही है।

## गड़िया में भाजपा समर्थक पर धारदार हथियार से हमला, हत्या की कोशिश का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** गड़िया के श्रीरामपुर रोड स्थित वैली पार्क इलाके में शनिवार की दोपहर एक भाजपा समर्थक पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी उंगलियों का एक हिस्सा कट गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इलाके के दो युवक 'बूढ़ो' और पिंटू एक किराना दुकान पर बैठे थे, तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पिंटू भाजपा समर्थक बताया जा रहा है। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद, बूढ़ो वहां से चला गया और कुछ देर बाद एक अन्य युवक के साथ वापस लौटा।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, तृणमूल समर्थक के रूप में परिचित बूढ़ो ने अपने साथी के साथ मिलकर दुकान के सामने खड़े पिंटू पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले पिंटू के सीने और पीठ पर वार किया। जान बचाने के लिए जब वह भागने लगा, तब आरोपियों ने उसे पकड़कर गले पर भी हमला करने की कोशिश की। बचाव के दौरान पिंटू के हाथ की कुछ उंगलियां कट गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में पिंटू साइकिल से पास के एक घर में पहुंचा, जहां स्थानीय महिलाओं ने उसके हाथ में कपड़ा बांधकर खून बहना रोका। बाद में, उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे राजनीतिक रंजिश या अन्य किसी कारण की भी जांच की जा रही है।

### मिथुन चक्रवर्ती ने शुभेंदु की प्रशंसा की, कहा...

## 'बंगाल के सबसे अच्छे मुख्यमंत्री'

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथुन चक्रवर्ती ने शुभेंदु अधिकारी को 'पश्चिम बंगाल के लिए सबसे अच्छा मुख्यमंत्री' बताया। शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को मिथुन के आवास पर उनसे मुलाकात की। उन्होंने न्यूटाउन में चक्रवर्ती के आवास का दौरा किया और विभिन्न जिलों के अपने पहले दौरे पर निकलने से पहले लगभग एक घंटे तक चर्चा की। चक्रवर्ती ने इस मुलाकात के बाद शुभेंदु को 'पश्चिम बंगाल का अब तक का सबसे अच्छा मुख्यमंत्री' बताया और कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा नेता आने वाले दिनों में राज्य में 'वास्तविक बदलाव' लाएंगे। चक्रवर्ती ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि उनसे (शुभेंदु से) बेहतर मुख्यमंत्री कोई नहीं हो



सकता। वह सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने शपथ लेने के बाद पहले दिन से काम शुरू कर दिया है।

भाजपा नेताओं ने इस मुलाकात को 'शिष्टाचार भेंट' और हालिया चुनाव अभियान में चक्रवर्ती की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने का एक जरिया बताया। शुभेंदु ने बैठक के बाद कहा कि चक्रवर्ती पिछले पांच-छह वर्षों से पार्टी के लिए 'दिन-रात' काम कर रहे थे और राज्य में राजनीतिक परिवर्तन लाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक के बाद, मुख्यमंत्री अपने अभियान के तहत दक्षिण 24 परगना के लिए रवाना हो गए।

### फलता में मतदान से पहले तृणमूल नेता जहांगीर खान का करीबी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के तय कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले, पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तृणमूल नेता जहांगीर खान के करीबी रिश्तेदार सैदुल खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, फलता थाने में सैदुल खान के खिलाफ जान से मारने की धमकी समेत कई गंभीर आरोप दर्ज किए गए थे। खबर है कि पुलिस ने इन शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि फलता में दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। सैदुल, जिसे तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान का 'दाहिना हाथ' कहा जाता है, को चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तार किया गया है। सैदुल की क्षेत्र में काफी पकड़ मानी जाती है। वह लंबे समय से फलता की राजनीति में सक्रिय रहे हैं और पहले फलता पंचायत समिति के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। पहले से ही उन्हें गिरफ्तार किए जाने की अटकलें लग रही थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में फलता थाने में सैदुल खान के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई थीं। शिकायत करने वालों ने आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिली थीं और उन्हें कई तरह से डराया-धमकाया गया था। पुलिस ने इन आरोपों के आधार पर जांच शुरू की। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जांच में काफी सबूत मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।सैदुल खान की गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए खास जगहों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

### 24 घंटे के भीतर 'खतरनाक' इमारत गिराने के दमकल विभाग के नोटिस पर कोलकाता हाई कोर्ट की रोक

**कोलकाता :** डायमंड हार्बर रोड स्थित एक छह मंजिला आवासीय इमारत को 'खतरनाक' घोषित कर 24 घंटे के भीतर खाली कराने और उसे गिराने के दमकल विभाग के निर्देश पर कोलकाता हाई कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को अदालत विशेष रूप से खोली गई और आपात आधार पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने निर्देश दिया कि आगामी 30 जून तक संबंधित इमारत को गिराने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर किन परिस्थितियों में इतनी कम समयसीमा देकर इमारत खाली कराने और ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया गया। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की विस्तृत सुनवाई 8 जून को नियमित पीठ में की जाएगी। तब तक वर्तमान स्थिति को यथावत बनाए रखना होगा। यानी न तो इमारत तोड़ी जाएगी और न ही किसी प्रकार की जबरन कार्रवाई की जा सकेगी। जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग ने भवन में पर्याप्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने का हवाला देते हुए इमारत को तत्काल खाली कराने का आदेश दिया था। आरोप है कि अलिपुर थाने को भी 24 घंटे के भीतर आवश्यक कदम उठाकर भवन को ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसी नोटिस को चुनौती देते हुए भवन से जुड़े पक्ष ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि इतनी कम अवधि में भवन खाली करने और तोड़ने का आदेश मनमाना है तथा इससे वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा और अधिकार प्रभावित होंगे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने फिलहाल दमकल विभाग के नोटिस पर स्थगनादेश जारी कर दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जून को होगी, जहां अदालत पूरे मामले की विस्तार से समीक्षा करेगी।

## मुख्यमंत्री शुभेंदु की हत्या की साजिश वाला फर्जी ईमेल भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर 'आतंकवादी संगठन अल-कायदा की मदद से' आत्मघाती बम हमला करने की धमकी देने के आरोप में कोलकाता के गार्डन रीच इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



कोलकाता पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) द्वारा की गई संयुक्त जांच के बाद शुक्रवार रात को हसनैन इकबाल (27) को गिरफ्तार कर लिया गया। कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त सीपी-4 सोलोमन नेसाकुमार ने कहा कि 14 मई को सुबह 10:15 बजे भवानीपुर थाने को ईमेल के जरिये यह धमकी मिली। ईमेल भेजने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि अल कायदा की मदद से मुख्यमंत्री पर आत्मघाती हमला किया जाएगा। नेसाकुमार ने पत्रकारों से कहा कि महिला की पहचान का इस्तेमाल कर यह ईमेल भेजा गया। शिकायत मिलने के बाद साइबर विंग और एसटीएफ ने तुरंत जांच शुरू की। जांच के दौरान जांचकर्ताओं को पता चला कि ईमेल गार्डन रीच के गुलाम अब्बास लेन में रहने वाले हसनैन इकबाल ने भेजा। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने ईमेल भेजने की बात स्वीकार की। नेसाकुमार ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि जिस महिला के नाम से ईमेल भेजा गया वह आरोपी की परिचित है। हमें लगता है कि महिला को परेशान करने और उसके परिवार को फंसाने के लिए ऐसा किया गया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांचकर्ताओं को यह भी पता चला है कि आरोपी ने इससे पहले कथित तौर पर चुनाव आयोग सहित कई सरकारी संस्थानों को ईमेल भेजे थे।


### हावड़ा मंडल में रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण

हावड़ा मंडल के बैंडेल-शक्तिगढ़ खंड में डीसी-एसी रूपांतरण कार्य के लिए, बैंची-मगरा खंड में निम्नानुसार **पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी: • **दिनांक 17.05.2026 (रविवार)** को अप मेन लाइन पर **रात 02:45 बजे से प्रातः 04:15 बजे तक** 1 घंटा 30 मिनट के लिए। • **दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) और 19.05.2026 (मंगलवार)** को रिवर्स एवं डाउन मेन लाइनों पर **रात 03:05 बजे से प्रातः 05:05 बजे तक** 2 घंटे के लिए। • **दिनांक 20.05.2026 (बुधवार) और 21.05.2026 (बृहस्पतिवार)** को रिवर्स एवं अप मेन लाइनों पर **रात 01:15 बजे से रात 03:15 बजे तक** 2 घंटे के लिए। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के परिचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं: • **दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) और 19.05.2026 (मंगलवार) को रद्द की गई ट्रेनें:** बर्द्धमान से: **37812** और **37786**। हावड़ा से: **37811**। बैंडेल से: **37781**। • **दिनांक 18.05.2026 (सोमवार) और 19.05.2026 (मंगलवार) को नियंत्रित की जाने वाली ट्रेन: 13186** जयनगर-सियालदह गंगासागर एक्सप्रेस को मार्ग में **20 मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा। • **दिनांक 20.05.2026 (बुधवार) और 21.05.2026 (बृहस्पतिवार) को जिस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा : 63501** हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू ट्रेन को हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन होकर परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा। • दिनांक 17.05.2026 (रविवार) को ब्लॉक के लिए, फिलहाल किसी भी ट्रेन नियंत्रण की आवश्यकता नहीं होगी।

**विशेष द्रष्टव्य:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल ट्रेन या विलम्ब से चलने वाली ट्रेन तथा बाद में शुरू की गई कोई भी नई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी,यदि कोई हो, का मार्ग में उपयुक्त तरीके से नियंत्रण/मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## प्रदेश भाजपा का बड़ा फैसला, राज्य स्तर के कार्यक्रमों में पहले क्रम में लगेगी शुभेंदु अधिकारी की तस्वीर

*** सुनील बंसल ने 25 मई तक जिला कोर कमेटी गठन पूरा करने का दिया सख्त आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा की संगठनात्मक बैठक में राज्य अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने पार्टी अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने पार्टी कार्यक्रमों के बैनर में नेताओं की तस्वीरों के क्रम में बदलाव का निर्देश देते हुए नई व्यवस्था लागू करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि अब राज्य स्तर के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की तस्वीर पहले और राज्य अध्यक्ष की तस्वीर बाद में रखी जाएगी। सूत्रों के अनुसार, शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि संगठन में अनुशासन, व्यवस्था और प्रशासनिक पवित्रता सर्वोपरि है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार, अत्याचार या किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता में शामिल पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में यदि विधायकों की संख्या कम भी होती है तो उसकी परवाह नहीं की जाएगी। बैठक में केंद्र की ओर से राज्य के संगठनात्मक पर्यवेक्षक सुनील बंसल और सह-पर्यवेक्षक अमित मालवीय मौजूद रहे। सुनील बंसल ने संगठनात्मक कमियों को जल्द दूर करने पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि 25 तारीख तक सभी जिलों में कोर कमेटी का गठन अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हर जिले में लगभग सौ सक्रिय और सक्षम कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जाए, ताकि आगामी चुनावों में संगठन को मजबूत आधार मिल सके। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिला स्तर पर निर्णय अब कोर कमेटी के माध्यम से सामूहिक रूप से लिए जाएं, किसी एक पदाधिकारी के स्तर पर नहीं।

---

**पार्टी का 'तृणमूलीकरण' बर्दाश्त नहीं, अनुशासन तोड़ा तो सीधे निष्कासन : शमिक भट्टाचार्य**

राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ पहली बार सरकार बनाने वाली भाजपा ने अब शासन के साथ-साथ संगठन की छवि को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता के गलियारों में 'तृणमूल कांग्रेस' जैसी कार्यशैली की कोई जगह नहीं होगी। न्यूटाउन के एक होटल में शुक्रवार को आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में पार्टी नेतृत्व ने कड़ा संदेश देते हुए 'अनुशासन समिति' और एक कोर कमेटी के गठन का ऐलान किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि राज्य में किसी भी तरह की सिंडिकेट बाजी, जबरन वसूली या अवैध उगाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऑटो-टोटो स्टैंड्स पर कब्जा करना या विपक्षी दलों के कार्यालयों को जबरन हथियाना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा। पार्टी के मुताबिक, भाजपा को 'तृणमूल' की कार्बन कॉपी बनने से रोकना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पार्टी ने साफ किया है कि अनुशासन का डंडा सिर्फ कार्यकर्ताओं पर ही नहीं, बल्कि नवनिर्वाचित विधायकों पर भी चलेगा। यदि कोई भी जन प्रतिनिधि दल-विरोधी गतिविधियों या अनैतिक कार्यों में संलिप्त पाया गया, तो उसे तत्काल निष्कासित कर दिया


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# तिलजला के बाद अब हसनाबाद में अवैध रूप से बने दुकान पर चला बुलडोजर

❑ कोर्ट ने दिया था ढांचा गिराने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में भाजपा की सरकार बनने के बाद बुलडोजर एक्शन जारी है। तिलजला में ऑपरेशन के बाद अब उत्तर 24 परगना जिले के हसनाबाद में बुलडोजर पहुंच गए हैं। आरोप लगे थे कि स्थानीय तालपुकुर इलाके में अवैध रूप से कब्जाई गई जमीन पर दुकानें बना ली गई थीं। शनिवार को इन ढांचों को गिराने के लिए बुलडोजर मौके पर पहुंचे। अदालत ने पहले ही इस निर्माण को गिराने का निर्देश जारी किया था। उस



आदेश का पालन करते हुए शनिवार को अवैध ढांचों को गिराने का काम शुरू हो गया।

आरोप है कि हसनाबाद के ताल-पुकुर इलाके में सद्दाम हुसैन नाम के एक प्रभावशाली स्थानीय व्यवसायी ने गियासुद्दीन नाम के एक व्यक्ति की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। सद्दाम ने इस जमीन पर दुकानें बना लीं। इस मामले को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में एक मुकदमा दायर किया गया था। 2022 में, अदालत ने इन ढांचों को गिराने का आदेश जारी किया था। हालांकि, आरोप लगे थे कि सद्दाम हुसैन ने इस अवैध इमारत को गिराए जाने से रोकने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया था। फिर भी राज्य में प्रशासन बदलने के बाद अधिकारी अवैध निर्माणों को हटाने के लिए कदम उठाने में सक्रिय हो गए हैं। हाई कोर्ट के निर्देश का कड़ाई से पालन करते हुए और हसनाबाद थाना और हसनाबाद के ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) के संयुक्त प्रयासों से शनिवार को अवैध इमारत को गिराने का काम शुरू हो गया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजरों का इस्तेमाल करके इस अवैध ढांचे को गिराया जा रहा है। मौके पर केंद्रीय बल भी मौजूद हैं।

# राज्य में अवैध मदरसों पर होगी कार्रवाई : मंत्री खुदीराम टुडू

**बांकुड़ा :** राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के मंत्री खुदीराम टुडू ने शनिवार को एक बार फिर राज्य में कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बांकुड़ा जिले के दौरे पर पहुंचे टुडू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में चल रहे सभी अवैध मदरसों को बंद किया जाएगा। इन गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। भविष्य में भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं भी अवैध मदरसे दोबारा शुरू न हों। बता दें कि टुडू ने कहा कि उन्होंने विभागीय सचिव को निर्देश दिया है कि राज्य में चल रहे सभी



अवैध मदरसों की पहचान कर उन्हें तुरंत बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि अगर अवैध घोषित किए जाने के बाद भी ऐसे संस्थान चलते रहे तो उनके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त भी किया जाएगा। नई सरकार में राज्य की सभी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य की मौजूदा 'डबल इंजन' सरकार गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों की तर्ज पर काम करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली टीएमसी सरकार के दौरान कई लोगों ने कथित तौर पर अवैध तरीके से पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र हासिल कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित सुविधाओं का लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी और जो सुविधाएं वे अब तक अवैध रूप से ले रहे थे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा।

## आईसीआईसीआई बैंक और वीज़ा ने लॉन्च किया पहला यूएसडी डेबिट कार्ड

**गांधीनगर/कोलकाता :** आईसीआईसीआई बैंक ने वीज़ा के साथ साझेदारी में गिफ्ट सिटी स्थित अपनी आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) से भारत का पहला अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) आधारित डेबिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कार्ड एनआरआई ग्राहकों के यूएसडी ग्लोबल सेविंग्स अकाउंट से जुड़ा होगा और दुनिया भर में एटीएम, पीओएस तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल किया जा सकेगा। आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड्स एवं पेमेंट सॉल्यूशंस प्रमुख विपुल अग्रवाल ने कहा कि यह पहल एनआरआई ग्राहकों को बेहतर वैश्विक बैंकिंग अनुभव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वीज़ा इंडिया के कंट्री मैनेजर ऋषि छाबड़ा ने कहा कि वीसा इनफिनिट प्लेटफॉर्म आधारित यह कार्ड एनआरआई ग्राहकों को अधिक सुविधा, पारदर्शिता और नियंत्रण के साथ वैश्विक भुगतान की सुविधा देगा।

# आसनसोल में लाउडस्पीकर बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव

❑ थाने में घुसकर तोड़फोड़, 15 गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल के रेलपार इलाके में लाउडस्पीकर को लेकर प्रशासनिक पहल के बाद शुक्रवार की रात अचानक हालात बिगड़ गए और जहांगिरी मोहल्ला (टीओपी )पुलिस फाड़ी क्षेत्र में हिंसक झड़प की घटना सामने आई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन की ओर से तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर को लेकर जागरूकता संदेश देने के लिए पुलिस टीम क्षेत्र में पहुंची थी। इसके बाद, इलाके के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर इस मुद्दे को लेकर बैठक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। इसी बीच, रात करीब 9 बजे के बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व बड़ी संख्या में जहांगिरी मोहल्ला



पुलिस फाड़ी पहुंच गए और वहां हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई और उपद्रवियों ने पुलिस फाड़ी परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की।

उपद्रवियों ने न केवल पुलिस फाड़ी को नुकसान पहुंचाया, बल्कि आसपास के इलाके में भी जमकर उत्पात मचाया। कई वाहनों को निशाना बनाया गया, जिसमें पुलिस की गाड़ियों के साथ-साथ आम लोगों के वाहन भी शामिल हैं। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और हालात बिगड़ते देख आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। इसके बाद, अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इलाके को घेरकर स्थिति पर काबू पाने की कोशिश की गई। आसनसोल नॉर्थ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी पर हुए हमले के मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत क्षत्रिय समाज ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज मल्होत्रा को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत क्षत्रिय समाज की ओर से भवानीपुर स्थित समाज कार्यालय में शनिवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज के युवा साथी वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज मल्होत्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की गई।

वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मनोज मल्होत्रा केवल एक सफल अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि भारत क्षत्रिय समाज के मजबूत स्तंभ, समाजसेवी और



प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने जीवन में न्याय, सेवा और समाजहित को सर्वोपरि रखा। अपने सरल स्वभाव, विनम्र व्यवहार और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे सभी के बीच अत्यंत सम्मानित थे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि मनोज मल्होत्रा ने समाज को संगठित करने, जरूरतमंदों की सहायता करने और युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर कठिन परिस्थिति में समाज के लोगों के साथ खड़े रहने के कारण उनके निधन से पूरे समाज में शोक की लहर है। वक्ताओं ने कहा कि उनका योगदान और व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। सभा में समाज ट्रस्ट के चेयरमैन राजगृही सिंह सिंह, रंधिर सिंह, राम बाबू सिंह ,सतेंद्र सिंह भरत सिंह झाला, शंकर सिंह, मनोज सिंह , लक्ष्मी नारायान सिंह , मनोज सिंह कस्बा, प्रीतम सिंह, पारसनाथ सिंह, दीपक सिंह, मनोज सिंह, रितेश जायसवाल, प्रहलाद सिंह, परविन्दर सिंह, सुनील सिंह, अमित राज सिंह, संजीत सिंह, आजामगढ समाज के वेद प्रकाश तिवारी, दिना नाथ पांडे, संयोजक मनोज सिंह, अजय सिंह, सतीश राऊत, ललन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, कपिल देव सिंह, कृष्ण सिंह, दिनेश सिंह, रमेश सिंह, बृजेश सिंह, राधेश्याम सिंह, विवेक कुमार सिंह, रामसेवक राय, सूरज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

# सजल घोष ने स्कूल पाठ्यक्रम से सिंगूर-नंदीग्राम आंदोलन के अध्याय हटाने के दिए संकेत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले की बारानगर विधानसभा सीट से हाल ही में निर्वाचित भाजपा विधायक सजल घोष ने शनिवार को संकेत दिया कि राज्य बोर्ड के स्कूल पाठ्यक्रम से सिंगूर और नंदीग्राम भूमि आंदोलन से जुड़े अध्याय हटाए जा सकते हैं। सजल घोष, जो कोलकाता नगर निगम में भाजपा पार्षद भी हैं, शनिवार की दोपहर एक काउंसलिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्कूल पाठ्यक्रम से सिंगूर और नंदीग्राम आंदोलन से जुड़े अध्याय हटाए जाने की संभावना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि



फिलहाल नए राज्य शिक्षा विभाग के मंत्री के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और विभाग का कामकाज मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी स्वयं देख रहे हैं। घोष ने दावा किया कि सिंगूर भूमि आंदोलन से जुड़े अध्याय में पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की भूमिका का भी उल्लेख है। यह आंदोलन उस समय विपक्ष की नेता रहीं ममता बनर्जी के नेतृत्व में चलाया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस पूर्व मंत्री ने कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद करीब तीन साल जेल में बिताए हों, उनका नाम स्कूल के अध्याय में कैसे रखा जा सकता है। सजल घोष ने कहा कि शैक्षणिक जगत के विभिन्न वर्गों से स्कूल पाठ्यक्रम में तत्काल बदलाव की मांग उठी है। नई राज्य सरकार निश्चित रूप से इस मामले पर विचार करेगी।

# शहीद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशनों के बीच आज सेवा रहेगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो द्वारा आज ब्लू लाइन पर विशेष ट्रैफिक ब्लॉक किया जा रहा है। यह ट्रैफिक ब्लॉक शहीद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशनों के बीच लागू रहेगा। यह ट्रैफिक ब्लॉक शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशन पर रेक रिवर्सल सुविधा शुरू करने के लिए आवश्यक है। यह व्यवस्था कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन पर चल रहे पुनर्वास और नवीनीकरण कार्य के कारण की जा रही है। इसके चलते, 17 मई यान आज शहीद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं



पूरी तरह बंद रहेंगी। हालांकि, यात्रियों के लिए दक्षिणेश्वर से महानायक उत्तम कुमार स्टेशन तक सामान्य मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। 18 मई से ब्लू लाइन पर दक्षिणेश्वर से शहिद खुदीराम तक पूरी रूट पर सामान्य सेवाएं फिर से बहाल कर दी जाएंगी।

# पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा में फिजिक्सवाला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, राज्य की टॉप 3 रैंक पर कब्जा

**कोलकाता :** फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के छात्रों ने पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) की कक्षा 10 परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल करते हुए राज्य की टॉप तीन रैंक अपने नाम की हैं। बोर्ड द्वारा घोषित परिणामों में पीडब्ल्यू के पश्चिम बंगाल वर्नाक्युलर उड़ान बैचों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्यभर में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

उत्तर दिनाजपुर के अविरूप भाद्र ने 99.71 % अंक हासिल कर राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, बीरभूम के प्रियतोष मुखर्जी ने 99.42 % अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। पूर्व मेदिनीपुर के अंकन कुमार जना ने 99.28 % अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया। राज्य रैंक के अलावा फिजिक्सवाला के 240 से अधिक छात्रों ने 95 % या उससे अधिक अंक हासिल किए। कई छात्रों ने गणित, विज्ञान, भूगोल और इतिहास जैसे विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की।

ये सभी छात्र फिजिक्सवाला के बांग्ला माध्यम उड़ान बैचों का हिस्सा थे, जिन्हें विशेष रूप से पश्चिम बंगाल बोर्ड के छात्रों के लिए तैयार किया गया है। छात्रों की इस सफलता को पूरे वर्ष की मेहनत, मजबूत कॉन्सेप्ट आधारित पढ़ाई और नियमित अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है।

इस उपलब्धि पर अलख पांडे, शिक्षक एवं फिजिक्सवाला के संस्थापक ने कहा कि छात्रों की सफलता उनके परिवारों, शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यू का उद्देश्य हमेशा छात्रों तक उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना रहा है, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

फिजिक्सवाला की ओर से बताया गया कि बांग्ला भाषा में लाइव क्लासेस, स्ट्रक्चर्ड स्टडी प्लान, प्रैक्टिस मॉड्यूल, डाउट सॉल्विंग और बोर्ड-केंद्रित तैयारी के माध्यम से संस्था लगातार पश्चिम बंगाल के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सहायता प्रदान कर रही है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मदर्स डे पर 500 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मदर्स डे के अवसर पर 8 से 14 मई 2026 के बीच देशभर में 500 से अधिक हाइपरलोकल सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान में 40 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएं थीं। बैंक की ओर से यह पहल महिलाओं और माताओं को सामुदायिक स्तर पर जोड़ने और सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई। कार्यक्रम आवासीय परिसरों, आरडब्ल्यूए, कॉर्पोरेट पार्कों और ग्राहक केंद्रों सहित 30 से अधिक शहरों में आयोजित हुए। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की 500 से अधिक शाखाओं ने दिल्ली एनसीआर, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, उदयपुर, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, पुणे, इंदौर, भोपाल, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, कोयंबटूर, कोलकाता, भुवनेश्वर और गुवाहाटी समेत कई शहरों में कार्यक्रम चलाए।

# भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने बाली के नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह को दी शुभकामनाएं



**हावड़ा, समाज्ञा :** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ, हावड़ा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बाली विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर विधायक बनने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुलाकात के दौरान भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों ने हावड़ा अंचल में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विधायक से विस्तार से चर्चा की। साथ ही शिक्षा क्षेत्र में तत्काल सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश भी की गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. असित बेरा, हावड़ा जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक उमेश सिंह, सह-संयोजक हावड़ा जिला संतोष कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुनील शुक्ला, उत्तर हावड़ा के संयोजक रामप्रकाश राय, दक्षिण हावड़ा के संयोजक राजेश ठाकुर, शिक्षक नेता पंकज साव, रमाकांत सिंह, श्यामपद बेरा, शिव रजक, राकेश एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 30 मिनट में सफाई की गारंटी: सियालदह से शुरू हुआ पूर्व रेलवे का मेगा स्वच्छता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्वच्छ और बेहतर रेल परिसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रिपोर्ट मिलने के 30 मिनट के अंदर सफाई अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत सियालदह स्टेशन से भव्य रूप से की। शनिवार को महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने 30 मिनट स्पार्कल नामक इस विशेष अभियान का उद्घाटन किया। यह अभियान अगले 15 दिनों तक पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों में चलाया जाएगा। सियालदह स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्रियों, दैनिक यात्रियों और स्टेशन विक्रेताओं से बातचीत कर स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि स्टेशन को साफ-सुथरा रखना केवल रेलवे की नहीं, बल्कि यात्रियों और दुकानदारों की भी जिम्मेदारी है। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता 30 मिनट क्लीनिंग गारंटी है। इसके तहत यदि किसी यात्री को स्टेशन परिसर में गंदगी दिखाई देती है, तो वह उसकी तस्वीर लेकर संबंधित मंडलीय सोशल




मीडिया हैंडल – डीआरएमसियालदह, डीआरएमहावड़ा, डीआरएममालदह और डीआरएमआसनसोल को टैग कर सकता है या रेलमदद ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकता है। इस पहल को 'ईआरचैलेंज' का नाम दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। संगीत और संवादों के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने और नई डिजिटल रिपोर्टिंग व्यवस्था के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान सियालदह, हावड़ा, मालदह और आसनसोल मंडल के 15 प्रमुख स्टेशनों पर एक साथ शुरू किया गया। पूर्व रेलवे के सीपीआरओ शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे और जनता की साझेदारी से स्वच्छ यात्रा को नई पहचान मिलेगी और स्टेशन परिसर को घर जैसा स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# शिव मंदिर में अखंड रामचरितमानस का पाठ एवं भजनों की अमृत वर्षा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान में स्थित 1, न्यू सील लेन में 40 वर्ष पुरानी शिव मंदिर जीर्णोद्धार के धार्मिक अनुष्ठान के चौथे दिन अखंड रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया। सुरीले भजन को सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। आखिरी दिन शनिवार को नमामि शंकर ने अपने भक्तिमय संगीत से एक अलग ही माहौल जागृत कर दिया। संध्या में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में उतर हावड़ा के विधायक उमेश राय शामिल हुए और क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए मंदिर में प्रार्थना और पूजा अर्चना किया।

# कटवा में आरपीएफ-जीआरपी कर्मियों पर हमले के आरोप में टीएमसी पार्षद समेत तीन गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कटवा शहर में रेलवे पटरियों के पास सड़क कनेक्टिविटी को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस दौरान कथित तौर पर रेलवे पुलिस और आरपीएफ कर्मियों पर हमला किया गया। इस घटना के सिलसिले में कटवा नगरपालिका के वार्ड 19 के पार्षद और तृणमूल कांग्रेस से जुड़े नेता सुबल राजुआर और दो अन्य लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जांचकर्ताओं के अनुसार, स्थानीय निवासी इलाके में एक सड़क क्रॉसिंग बनाने की मांग को लेकर रेलवे पटरियों के पास जमा हुए थे। जैसे-जैसे प्रदर्शन तेज हुआ जीआरपी और आरपीएफ के कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कदम बढ़ाया। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि टकराव के दौरान प्रदर्शनकारियों ने रेलवे पुलिस कर्मियों पर हमला किया। इस दौरान अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोका और मौके पर अफरा-तफरी मचाई। बताया गया है कि भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश के दौरान सुरक्षा कर्मियों को पथराव और शारीरिक आक्रामकता का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद एफआईआर दर्ज की गई। इसमें भारतीय न्याय



संहिता (बीएनएस) की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिनमें सरकारी कर्मचारियों पर हमला, सरकारी काम में बाधा डालना, गैर-कानूनी कृत्य और आपराधिक साजिश से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। हिंसक झड़प के बाद डीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीमों ने एक अभियान चलाया और पार्षद सहित कई लोगों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद सुबल राजुआर ने अपने उपर लगे आरोपों से इनकार कर दिया। रेलवे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिंसा में कथित तौर पर शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए विरोध स्थल से प्राप्त वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है।

# प्रकृति सिंह ने सीबीएसई 12वीं में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया स्कूल का गौरव

**कोलकाता :** प्रकृति सिंह ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। श्री शिक्षायतन स्कूल की साइंस स्ट्रीम की छात्रा प्रकृति ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। प्रकृति को गणित में 99, अंग्रेजी में 99, कंप्यूटर साइंस में 99, मार्केटिंग में 99 और केमिस्ट्री में 97 अंक प्राप्त हुए हैं। इससे पहले उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए थे, जिससे उनकी लगातार शैक्षणिक उत्कृष्टता साफ दिखाई देती है। प्रकृति ने बताया कि उन्होंने कभी पढ़ाई को दबाव के रूप में नहीं लिया। वह नियमित और लगातार पढ़ाई पर विश्वास करती हैं और रोजाना तय समय के अनुसार तैयारी



करती थीं। प्रकृति ने कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान स्कूल के शिक्षकों ने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया, जबकि माता-पिता ने हमेशा प्रेरित और सही दिशा दिखाई। भविष्य की योजनाओं के बारे में प्रकृति ने बताया कि वह आगे चलकर कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग करना चाहती हैं।

# साउथ मेलियर स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, कई बने 'स्टार अचीवर्स'

**हुगली :** हुगली जिले के प्रभाष नगर स्थित साउथ मेलियर स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक हासिल कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से स्टार अचीवर्स के रूप में सम्मानित किया गया।

माध्यमिक परीक्षा में अदिति तिवारी ने 97 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रोहित तिवारी ने 94 % और अनीस कुमार सिंह ने 92.6 % अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विषयवार उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों की भी सराहना की गई।

उच्च माध्यमिक वर्ग में भी छात्रों



का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। सोनी प्रसाद ने 93.4 % अंक प्राप्त कर टॉप किया। पिंकी कुमारी ने 90 %, मानसी जैन ने 89.2 % तथा अमन मलेक ने 89 % अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्रिंसिपल सुरंजना चक्रबर्ती ने छात्रों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों की निरंतर लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया का सही उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री से छात्र लाभ उठा सकते हैं, जबकि अनावश्यक चैटिंग से दूरी बनाए रखना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम की उम्मीद जताई।

# टीएमसी की तथ्यान्वेषण टीम ने तीन जिलों का किया दौरा, हिंसा प्रभावित लोगों से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि उसकी तथ्यान्वेषण टीमों ने राज्य के तीन जिलों का दौरा किया है, जहां चुनाव बाद पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर भाजपा के लोगों द्वारा हमला किया गया। पार्टी ने दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर और हुगली जिलों का दौरा करने के लिए तीन टीम गठित कीं ताकि उन पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से रिपोर्ट एकत्र की जा सके, जिन्हें विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की चुनावी हार के बाद कथित तौर पर हिंसा का सामना करना पड़ा है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य



डोला सेन ने पत्रकारों से कहा कि एक टीम, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं, पूर्व मेदिनीपुर जिले के मोयना, तमलुक और हल्दिया जा रही है ताकि हिंसा प्रभावित पार्टी कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से मिल सके। सेन ने दावा किया कि चुनाव के बाद कई जगहों पर हमारे कार्यकर्ताओं, आम लोगों और समर्थकों पर अत्याचार हो रहा है। कई लोगों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। घरों में तोड़फोड़ की गई है और पार्टी के कई कार्यालय बंद हैं। उन्होंने कहा कि तथ्यान्वेषण टीम पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देशों पर गठित की गई हैं। सुष्मिता देव के नेतृत्व में एक टीम ने दक्षिण 24 परगना जिले के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस टीम में तन्मय घोष, सजदा अहमद और प्रसून बनर्जी भी शामिल थे। वहीं, एक अन्य टीम को हुगली का दौरा करने का कार्य सौंपा गया। सेन ने कहा कि हम उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं जिन पर हमला हुआ है और जो विस्थापित हुए हैं ताकि हम उनके साथ खड़े रह सकें। तृणमूल कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसकी तथ्यान्वेषण टीम हिंसा प्रभावित परिवारों से मिलने और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए जिलों का दौरा कर रही हैं।

# जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर चुंचुड़ा में प्रशासनिक बैठक

**हुगली :** जिले में चल रही विकास परियोजनाओं को त्वरित गति देने के उद्देश्य से चुंचुड़ा स्थित रवींद्र भवन में जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नगर पालिकाओं के प्रतिनिधि उप-स्थित रहे।

बैठक में एडीएम जिला परिषद अनुज प्रताप सिंह, हुगली जिला परिषद के सभाधिपति रंजन धारा, चंदननगर पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार यादव तथा हुगली ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक कुमार सनी राज सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

इसके अलावा, जिले की विभिन्न नगर पालिकाओं के चेयरमैन भी



बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान जिले में चल रही विकास योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर देते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

साथ ही प्रशासन और नगर पालिकाओं के बीच बेहतर समन्वय बनाकर विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

## हावड़ा स्टेशन के बाहर किया गया अतिक्रमण मुक्त

**हावड़ा, समाज्ञा**

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद एक के बाद एक बड़े बदलाव देखने को मिल रहे है। प्रशासन की सख्ती स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। इसी कड़ी में, हावड़ा स्टेशन के बाहर वर्षों से अवैध रूप से हॉकरों द्वारा सड़क अतिक्रमण करके लगाए जा रहे दुकानों को पुलिस एवं रेलवे पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर साफ कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात भारी बल के साथ पुलिस एवं रेलवे पुलिस ने उक्त स्थान पर लगाए जा रहे अवैध दुकानों पर बुलडोजर चलाया और इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## बंगाल का दूरसंचार अवसंरचना के संबंध में लिया गया फैसला स्वागत योग्य : केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने शनिवार को दूरसंचार अवसंरचना के विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से बनाए गए नियमों को लागू करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की सराहना की। सिंधिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को 'राज्य द्वारा केंद्रीय ढांचे के अनुरूप कदम उठाने' के लिए धन्यवाद दिया और इस कदम को 'समृद्ध और सशक्त' बंगाल के निर्माण की दिशा में एक सोपान करार दिया। मंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य वर्षों से केंद्र सरकार की कई प्रमुख पहलों के लाभों से 'वंचित' रहा है, जिससे राज्य में डिजिटल बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि समृद्ध और सशक्त 'सोनार बांग्ला' का निर्माण



एक साथ मिलकर कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल को दूरसंचार (मार्ग का अधिकार) नियम, 2024 के अनुरूप बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद। संचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूरे राज्य में भारतनेट के कार्यान्वयन में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



चिंगराघाटा में मेट्रो परियोजना के लिए जारी कार्य प्रगति पर

## हिंगलगंज में तृणमूल नेता के घर से बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज इलाके में पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर अवैध रूप से भारत में रह रहा था और तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर में छिपा हुआ था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आरोपी का नाम शाहिदुल गाजी है। उसे शुक्रवार की रात ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि शाहिदुल वर्ष 2007 में अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर भारत आया था। इसके बाद, उसने तृणमूल कांग्रेस के पंचायत सदस्य जयनाल आबेदीन के घर में शरण ली। मामला सामने आने के बाद से जयनाल आबेदीन और उनके परिवार के सदस्य इलाके से फरार बताए जा रहे



हैं। पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। बसीरहाट पुलिस जिला अधीक्षक अलकनंदा भवाल ने कहा, कि घुसपैठिए को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने कई बार हिंगलगंज थाने को अवैध घुसपैठ की सूचना दी थी, लेकिन पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में, ग्रामीणों ने खुद शाहिदुल को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

# अभिषेक बनर्जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर स्वप्ना बर्मन के घर में आग लगाने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने राज्य में चुनाव के बाद बदले की भावना से की गई हिंसा के तहत एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली एथलीट एवं टीएमसी नेता स्वप्ना बर्मन के घर में आग लगा दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि 'भाजपा के गुंडों' ने बर्मन को तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने और इसके टिकट पर हाल में चुनाव लड़ने की वजह से निशाना बनाया। उन्होंने लिखा



कि जिस एथलीट ने देश का नाम रोशन किया, उसे हिंसा, धमकियों और डर का सामना करना पड़ रहा है - सिर्फ इसलिए कि उसने तृणमूल कांग्रेस का साथ देने का फैसला किया। तृणमूल महासचिव ने कहा कि भारत ने आपको निराश कर दिया प्रिय स्वप्ना। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के शासनकाल की भयावह वास्तविकता है। यही वह 'परिवर्तन' है जिसका उसने वादा किया था। अगर भारत को गौरव दिलाने वाली एक खिलाड़ी के साथ उसके राजनीतिक विचारों के कारण ऐसा बर्ताव किया जाता है, तो लोकतंत्र की स्थिति हर भारतीय के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए।

### मैं असुरक्षित महसूस कर रही हूं : स्वप्ना बर्मन

**जलपाईगुड़ी :** एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और राजगंज सीट से तृणमूल कांग्रेस की पूर्व उम्मीदवार स्वप्ना बर्मन ने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। घर में आग लगने की घटना के बाद उन्होंने शनिवार को जलपाईगुड़ी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पत्रकारों से बात करते हुए स्वप्ना ने कहा कि मैं असुरक्षित महसूस कर रही हूं। मैंने पुलिस से अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। जबकि उन्होंने राज्य सरकार से भी सुरक्षा देने की अपील की है।

## शुभेंदु सरकार ने राज्य के सात राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्र को सौंपे, विकास कार्यों में आएगी तेजी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार ने राज्य लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग से सात राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनए-चआईडीसीएल) को हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ये प्रस्ताव लगभग एक वर्ष से राज्य सरकार के पास लंबित थे, जबकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से लगातार अनुरोध किए जा रहे थे। इन मार्गों पर विकास कार्य औपचारिक हस्तांतरण के अभाव में रुके हुए थे। अब मंजूरी मिलने



के बाद केंद्र की दोनों एजेंसियां बिना किसी अतिरिक्त देरी के काम आगे बढ़ा सकेंगी।

हस्तांतरित किए जाने वाले प्रमुख मार्गों में राष्ट्रीय राजमार्ग 312 (जंगीपुर-ओमरपुर-नवद्वीप-बनगांव-बशीरहाट), बिहार-बंगाल सीमा से गाजोल तक का हिस्सा, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 (बिहार-बंगाल सीमा से फरक्का तक), राष्ट्रीय राजमार्ग 33, नया राष्ट्रीय राजमार्ग 10 (सेवक आर्मी कैंटोनमेंट से कालिम्पोंग होते हुए बंगाल-सिक्किम सीमा तक), नया राष्ट्रीय राजमार्ग 317ए (हासीमारा-जयगांव होकर भारत-भूटान सीमा तक), नया राष्ट्रीय राजमार्ग 717 (बारादिग्घी-मैनागुड़ी-चेंगराबांधा होकर भारत-बांग्लादेश सीमा तक) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 110 (सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग मार्ग) शामिल हैं। कुल मिलाकर ये सभी खंड रणनीतिक और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं, और इनके हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

### शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या का मामला : सीबीआई ने कई स्थानों पर मारे छापे

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रकांत रथ की हत्या के मामले में शनिवार को यहां कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान शुक्रवार की देर रात शुरू हुआ, जो शनिवार के तड़के तक जारी रहा। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने दिल्ली से विशेष अपराध शाखा के एक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के नेतृत्व में सात-सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जिसमें एजेंसी की विभिन्न इकाइयों से चुने गए अनुभवी जांच अधिकारी शामिल हैं।

## सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जे के आरोप में तृणमूल नेता गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल की इमारत तोड़कर जमीन कब्जाने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय अध्यक्ष एवं जगतबल्लभपुर पंचायत समिति के सह-सभापति प्रशांत बाग को गिरफ्तार किया। घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आरोप है कि प्रमोटिंग परियोजना के लिए नरेंद्रपुर स्थित मधुसूदन गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल की एक इमारत को अवैध रूप से गिराया जा रहा था। स्थानीय अभिभावकों ने पहले भी इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि चुनाव से पहले जब पुलिस कार्रवाई करने पहुंची थी, तब पूर्व तृणमूल विधायक के करीबी लोगों के दबाव के चलते



पुलिस को वापस लौटना पड़ा था। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम एक बार फिर स्कूल भवन को तोड़ने का काम शुरू किया गया। खबर मिलते ही जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और प्रशांत बाग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में प्रशांत बाग की पुत्रवधू एवं शंकरहाटी-1 ग्राम पंचायत की प्रधान झिलिक बाग की भी कथित संलिप्तता सामने आई है। फिलहाल, पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में अभिजीत गांगुली ने सीबीआई जांच में खामियों का लगाया आरोप

❑ **भाजपा सांसद ने सीमा पाहुजा की भूमिका की जांच की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा सांसद व पूर्व जज अभिजीत गांगुली ने शनिवार को आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में सीबीआई जांच पर सवाल उठाया। अभिजीत गांगुली ने ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में सीबीआई जांच में खामियों का आरोप लगाया। उन्होंने जांच एजेंसी की अधिकारी सीमा पाहुजा की भूमिका की जांच की मांग की, जिन्होंने इस जांच की निगरानी की थी। सरकारी अस्पताल का दौरा करने के बाद गांगुली ने दावा किया कि इस मामले से जुड़े कुछ अहम पहलुओं की सीबीआई ने जांच नहीं की है। इस दिन, अस्पताल का दौरा करने के बाद



अभिजीत गांगुली ने कहा कि मुझे पता चला कि सीबीआई अधिकारी सीमा पाहुजा, जो इस जांच की प्रभारी थीं, उन्होंने दो बहुत ही महत्वपूर्ण काम नहीं किए। गांगुली ने आरोप लगाया कि अस्पताल परिसर में एक कमरा, जो लगभग दो सालों से बंद और सील है और जिसमें संभावित रूप से अपराध से जुड़े सबूत हो सकते हैं। उसे जांच के दौरान खोला नहीं गया। उन्होंने कहा कि मैं खुद यह देखने आया था कि क्या वाकई ऐसा कोई कमरा मौजूद है। मैंने देखा कि वह अभी भी बंद और सील है।

भाजपा सांसद ने अस्पताल की इमारत के अंदर एक सीढ़ी का भी ज़िक्र किया। उनके अनुसार, कथित तौर पर उसी सीढ़ी का इस्तेमाल डॉक्टर की हत्या वाली रात शव को अपराध स्थल से हटाकर चेस्ट मेडिसिन विभाग के सेमिनार रूम में ले जाने के लिए किया गया था, जहां बाद में शव मिला था। यह दावा किया कि एक नर्स ने इस घटना का वीडियो बनाया था। गांगुली ने आरोप लगाया कि वह फुटेज संबंधित सीबीआई अधिकारी ने ले लिया था। उन्होंने दावा किया कि कथित तौर पर उन्होंने नर्स से वीडियो डिलीट करने और उसकी कॉपी उन्हें सौंपने को कहा था और चेतावनी दी थी कि ऐसा न करने पर उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। तब से, वह वीडियो कभी भी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। गांगुली ने कहा कि मैं पूरी सीबीआई पर आरोप नहीं लगा रहा हूं। यह एक बड़ी और सक्षम संस्था है। लेकिन, मैं एक खास अधिकारी की भूमिका की ओर इशारा कर रहा हूं। उससे एक आरोपी के तौर पर पूछताछ की जानी चाहिए।

### कंट्रोल-एस हैदराबाद डाटा सेंटर में भारथक्लाउड का पहला एआई-रेडी सोवरेन क्लाउड सेंटर किया होस्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारथक्लाउड ने कंट्रोल-एस डाटा सेंटर्स की हैदराबाद डीसी-1 सुविधा में अपना पहला एआई-रेडी सॉवरेन क्लाउड सेंटर लॉन्च किया। इस परियोजना में जेएलएल ने विशेष सलाहकार की भूमिका निभाई। क्लाउड सेंटर का उद्घाटन कंट्रोल-एस के संस्थापक एवं सीईओ श्रीधर पिन्नापुरेड्डी ने किया। कंपनी के अनुसार, एआई वर्कलोड, डाटा लोकलाइजेशन और तेजी से बढ़ते डिजिटल परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित, स्केलेबल और सॉवरेन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। कंट्रोल-एस का रेटेड-4 एआई-रेडी डाटा सेंटर इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारथक्लाउड ने अगले पांच वर्षों में भारत में एआई-रेडी सॉवरेन क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 950 करोड़ रुपये) निवेश की योजना बनाई है। कंपनी मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता और पुणे सहित टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में भी विस्तार करेगी।

### यूडब्ल्यूए इंडिया ने वार्षिक स्कॉलरशिप देने का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) ने भारत में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़े वार्षिक स्कॉलरशिप प्रोग्राम की घोषणा की है। यूडब्ल्यूए इंडिया के माध्यम से शुरू की गई यह पहल भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। यूडब्ल्यूए के वाइस-चांसलर प्रोफेसर अमित चकमा ने कहा कि यह स्कॉलरशिप भारत के प्रति विश्वविद्यालय की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो, यही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। मुंबई और चेन्नई कैंपस के जरिए यूडब्ल्यूए इंडिया स्टेम, बिजनेस और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स संचालित करेगा। स्कॉलरशिप योजना में मेरिट, आर्थिक आवश्यकता, नेतृत्व क्षमता और क्षेत्रीय समावेशन को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक छात्र यूडब्ल्यूए की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

# हावड़ा नगर निगम में 2000 करोड़ रुपये के घोटाले और अवैध निर्माण का आरोप

❑ **2013 से 2020 के बीच 3000 से अधिक अवैध निर्माण का दावा**

**हावड़ा :** हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए 'व्हिसल ब्लोअर्स' नामक संस्था ने शनिवार को हावड़ा मैदान स्थित आइएमए हॉल में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। संस्था के सदस्यों ने दावा किया कि वर्ष 2013 से 2020 के बीच हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में 3000 से अधिक अवैध निर्माण हुए तथा निगम के बिल्डिंग विभाग में करीब 2000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।

संस्था के सदस्य एवं सीनियर वकील सब्यसाची चटर्जी ने कहा कि वर्ष 2013 में तृणमूल कांग्रेस के बोर्ड गठन के बाद अवैध निर्माण पर रोक लगने की उम्मीद थी, लेकिन तृणमूल शासित बोर्ड के कार्यकाल में अवैध




निर्माण धड़ल्ले से हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में निगम अधिकारियों के साथ-साथ पूर्व मंत्री अरूप राय, कई पूर्व पार्षद तथा प्रमोटर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाली, उत्तर हावड़ा और मध्य हावड़ा क्षेत्रों में बिना किसी रोक-टोक के अवैध निर्माण हुए। आरोप है कि अवैध निर्माण होने के बाद निगम ने प्रमोटरों से जुर्माना लेकर उन्हें वैध कर दिया, जबकि नगर निगम अधिनियम में ऐसा करना गैर-कानूनी है।

सब्यसाची चटर्जी ने कहा कि आरटीआई के तहत जब निगम अधिकारियों से पूछा गया कि किस कानून के तहत अवैध निर्माण को वैध किया गया, तो निगम की ओर से जवाब दिया गया कि बड़े अधिकारियों के निर्देश पर ऐसा किया गया। उन्होंने कहा कि इन बड़े अधिकारियों की पहचान कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई सरकार इस मामले में उचित कदम उठाएगी। साथ ही उन्होंने मांग की कि मामले की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की जाए और समस्या का समाधान कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाए, न कि बुलडोजर कार्रवाई के जरिए।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ तृणमूल नेताओं ने अवैध निर्माण कर लोगों को फ्लैट बेचकर धोखा दिया है और ऐसे लोगों से हिसाब लिया जाना चाहिए।

संवाददाता सम्मेलन में मौजूद संस्था के सदस्य आत्म प्रकाश सिंह ने कहा कि जब हावड़ा नगर निगम और बाली नगरपालिका के बिल्डिंग विभाग से अवैध निर्माण की सूची मांगी गई, तो अधिकारियों ने यह कहकर जानकारी देने से इनकार कर दिया कि प्रशासक ने इसकी अनुमति नहीं दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहे थे, तो संबंधित क्षेत्रों के विधायकों को इसकी जानकारी कैसे नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के प्रशासनिक बोर्ड से जुड़े नेताओं के इशारे पर ही यह सब हुआ। संस्था की ओर से बताया गया कि इस मामले को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। अदालत ने नगर निगम से अवैध निर्माण को लेकर जवाब मांगा है। संस्था ने नई सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### कोलकाता के लेक रोड स्थित फ्लैट में वृद्ध की संदिग्ध मौत

**कोलकाता :** दक्षिण डिवीजन के टॉलीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक वृद्ध व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 18बी, लेक रोड स्थित चार मंजिला आवासीय भवन की तीसरी मंजिल के एक कमरे में 82 वर्षीय तपन कुमार दत्ता अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े मिले। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हें एम.आर. बांगुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक लेक रोड इलाके के ही निवासी थे। घटना की सूचना मिलने पर टॉलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर इसे अस्वाभाविक मौत का मामला माना जा रहा है।

### आदि गंगा से वृद्ध महिला का सड़ा-गला शव बरामद

**कोलकाता :** दक्षिण-पश्चिम डिवीजन के बेहाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह आदि गंगा से एक वृद्ध महिला का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, बसंता लाल साहा रोड स्थित सिरिटी श्मशान घाट के पास आदि गंगा में एक शव तैरता हुआ देखा गया। सूचना मिलने पर कोलकाता पुलिस की डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप (डीएमजी) टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। मृतका की पहचान 91 वर्षीय बाकुल बनर्जी के रूप में हुई है, जो न्यू अलीपुर क्षेत्र के चेतला रोड की निवासी थीं। उन्हें विद्यासागर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बेहाला थाना पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव की स्थिति काफी खराब होने के कारण मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# अनछुआ शांत हिल स्टेशन - लैंसडाउन

नीतू गुप्ता

उत्तर भारत का हिल स्टेशन लैंसडाउन उत्तराखंड राज्य में पौड़ी जिले में स्थित प्रकृति की गोद में शांत तथा सुकून से भरा हिल स्टेशन है। गर्मियों में वहां के ठंडे वातावरण का मजा लेना और व्यस्त जीवन शैली से स्वयं को अलग कर शांत वातावरण का मजा लेना कौन नहीं चाहेगा।

लैंसडाउन को स्थानीय भाषा में कालुदंड भी कहा जाता है जिसका अर्थ है 'काली पहाड़ी' जो समुद्री तट से 1706 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। शायद कम लोग ही जानते होंगे इस हिल स्टेशन को लार्ड लैंसडाउन वायसराय ने खोजा था क्योंकि यहां का वातावरण उनके देश के वातावरण जैसा था। इस हिल स्टेशन को देवदार और बलूत के जंगलों ने घेरा हुआ है। इन्हीं जंगलों के कारण यहां का वातावरण उत्तम तथा शुद्ध है।



## कैसे पहुंचे:-

दिल्ली से काफी नजदीक पड़ता है। वहां से इसकी दूरी लगभग 270 किलोमीटर है। प्रायः दिल्ली वाले अपनी गाड़ी से साढ़े पांच से साढ़े छः घंटे में लैंसडाउन पहुंच जाते हैं। वैसे अन्य स्थानों से यहां रेलमार्ग और सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। लैंसडाउन के लिए कोटद्वार नजदीकी रेलवे स्टेशन है वहां से टैक्सी द्वारा लैंसडाउन पहुंचा जा सकता है। अगर आप बाई एयर जाना चाहें तो देहरादून हवाई अड्डे तक पहुंचकर आगे जाने के लिए टैक्सी की मदद ले सकते हैं। उसी प्रकार प्राइवेट बस या सरकारी बस द्वारा कोटद्वार जाकर टैक्सी ले सकते हैं। कोटद्वार से हिलस्टेशन की दूरी लगभग 40 कि.मी. है।

## प्राकृतिक नजारे (दर्शनीय स्थल)-

लैंसडाउन प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर है। आस पास के नजारे सैलानियों को आकर्षित करते हैं। आस-पास क्या देखें।

## बूल्ला तालाब:-

यह अप्राकृतिक झील लैंसडाउन का आकर्षक स्थल है। इस तालाब का नाम गढ़वाली शब्द बूल्ला पर रखा गया है। बूल्ला शब्द का अर्थ छोटा भाई है। इस झील का मुख्य आकर्षक बोटिंग है। पैडल बोट्स भी यहां उपलब्ध हैं। इसे और खूबसूरत बनाने के लिए वहां फव्वारे लगाए गए हैं और बांस के मचान भी।

## टिन इन टॉप:-

इन प्वाइंट से लैंसडाउन से दूर दूर तक फैले पहाड़ों का नजारा देखा जा सकता है जो मनभावन लगता है। जब मौसम साफ होता है तो हिमालय की बर्फ से ढकी लंबी रेंज यहां से देखी जा सकती है। यहां से सनराइज देखना बहुत मनमोहक लगता है। पहाड़ों के पीछे से उगते सूरज को देखना मन को रोमांचक कर देता है।

## सेंट मेरी चर्च:-

यहां से कुछ दूरी पर 121 साल से अधिक पुरानी सेंटमेरी चर्च है जो सुंदर चर्चों में से एक है। इस चर्च का निर्माण सन 1896 में रॉयल इंजीनियर्स के ए.एच.बी ह्यूम ने किया था। फिर 1947 में इस खंडित चर्च को पुनः गढ़वाल रेजिमेंटल राइफल्स सेंटर ने स्थापित किया।

## तारकेश्वर महादेव मंदिर:-

यह मंदिर समुद्र तट से 2092 मीटर ऊंचाई पर एक पहाड़ की चोटी पर बना हुआ है। इस मंदिर के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु हर वर्ष यहां आते हैं। लैंसडाउन का तारकेश्वर महादेव मंदिर एक धार्मिक स्थल है जिसकी दूरी यहां से 39 कि.मी है। यह मंदिर विशेष शिवलिंग और गौरीकुंड के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालु लोग मंदिर में दर्शन करने से पूर्व इस कुंड में पहले स्नान करते हैं।

## ट्रैकिंग का मजा:-

जिन्हें एडवेंचर का आनंद लेना हो, वे भैरव गढ़ी और रूट लवर्स जैसे प्वाइंट पर ट्रैकिंग कर सकते हैं और जंगल सफारी का मजा भी उठा सकते हैं। यहां पर आपको कुछ टूर आपरेटर मिल जाएंगे जो आपकी ट्रैकिंग करने और जंगल सफारी देखने में मदद कर सकते हैं।

## मुख्य आकर्षण यहां का मौसम:-

यहां का मौसम विशेष है। सैलानी मौसम का पूरा आनंद उठाते हैं। वैसे तो किसी भी मौसम में यहां जाया जा सकता है पर मार्च से लेकर नवंबर के बीच का वातावरण मधुर और सुहावना होता हे। दिसंबर में यहां ठंड पड़नी शुरू हो जाती है और जनवरी फरवरी में स्नो फॉल की संभावना होती है। जिन सैलानियों को स्नो का एडवेंचर लेना हो, वे इस मौसम में जा सकते हैं। (उर्वशी)

# कलयुग में कथा का सार: आचरण या अभिनय?



जीवन झंवर

कलयुग में 'कथा' एक विचित्र मोड़ पर खड़ी है। रामकथा, भागवत कथा, शिव कथा – मंच सजे हैं, कथाकार रो रहे हैं, श्रोता तालियाँ बजा रहे हैं। पर क्या कथा सचमुच जीवन में उतर रही है?

**कथाकार और कथा का अंतर**

आज कथा सुनाना एक कला बन गया है। कथाकार मंच पर आँसू बहाते हैं, भाव-विभोर होते हैं, पर कई बार वो अभिनय-सा लगता है। फिल्मों में भी तो कलाकार रोते हैं, हँसते हैं। पर पर्दा गिरते ही वो किरदार खत्म। कथा के साथ भी यही हो रहा है।

ना तो कथाकार के आचरण में कथा दिखती है, ना सुनने वाले के जीवन में परिवर्तन। बच्चा जब गाली देता है, तो माँ सौ बार मना करती है। फिर भी वो नहीं मानता। वैसे ही हम हैं – कथा सुनते हैं, सिर हिलाते हैं, पर घर जाकर वैसे के वैसे।

**रामकृष्ण परमहंस का दर्पण**

इस संदर्भ में रामकृष्ण परमहंस का एक प्रसंग याद आता है। एक माँ अपने बच्चे को लेकर आई। बच्चा बहुत चीनी खाता था। माँ ने कहा, महाराज, इसे समझाइए। परमहंस जी ने कहा, 4 महीने बाद लाना।

चार महीने बाद माँ फिर आई। तब परमहंस जी ने बच्चे से सिर्फ इतना कहा, बेटा, चीनी मत खाना। माँ हैरान हुई, इतनी सी बात के लिए 4 महीने?

परमहंस जी मुस्कुराए, माई, मैं खुद चीनी खाता था। जब तक मैंने खुद नहीं छोड़ी, बच्चे को किस मुँह से मना करता? इन 4 महीनों में मैंने पहले खुद चीनी छोड़ने का अभ्यास किया।

**कथा का वास्तविक मर्म**

यही फर्क है कथाकार और संत में। ऐसे संत अब कम ही मिलते हैं जिनका जीवन ही कथा हो। पर इसका अर्थ ये नहीं कि हम कथा सुनना छोड़ दें।

हमें कथाकार को नहीं, कथा को देखना है। राम के आदर्श, कृष्ण का प्रेम, शिव का वैराग्य – ये हमारे लिए हैं। कथा सुनो, पर अपने भवसागर से पार होने के लिए खुद साधना करो।

कथाकार माध्यम है, मंजिल नहीं। कथा नाव है, पर पतवार तो खुद ही चलानी पड़ेगी। कलयुग में अगर कथा का लाभ लेना है तो सुनने के साथ-साथ गुनना और जीवन में उतारना भी पड़ेगा। वरना कथा सिर्फ मनोरंजन बनकर रह जाएगी, मुक्ति का साधन नहीं।

**सार:** कथा सुनो, पर आचरण खुद का सुधारो। क्योंकि अंत में हिसाब अपने कर्मों का ही होना है, कथाकार के अभिनय का नहीं।

# पैर भी मांगते हैं केयर

नीतू गुप्ता

चेहरे की केयर तो सभी कर लेते हैं, चेहरे के साथ पैरों की केयर करना भी जरूरी है। अगर आपके पैर साफ होंगे तो छिपाने की जरूरत नहीं महसूस होगी। कामकाजी महिलाओं के लिए तो और भी जरूरी है पैरों को साफ रखना क्योंकि उन्हें कई प्रकार के ड्रेस अनुसार फुटवियर पहनने पड़ते हैं। उनसे दिखते गंदे पांव ड्रेस और फुटवियर की शान को भी बिगाड़ देते हैं।

अगर आप के पांव भी अक्सर गंदे रहते हैं तो उनकी केयर बहुत जरूरी है। व्यक्तित्व बिगाड़ने के साथ आपके पैरों की दर्द भी बढ़ा सकते हैं आपके गंदे पांव। अगर आपका शेडयूल बिजी है तो सुबह और शाम दो बार थोड़ा समय निकाल कर उनकी देखभाल करना प्रारंभ करें।



## प्रातः करें पैरों की देखभाल:-

कामकाजी महिलाओं को विशेषकर कुछ विशेष पेशों वाली महिलाओं को सफर भी करना पड़ता है, लोगों से मुलाकात भी करनी होती है। उनकी ड्रेस भी इस तरह की होती है कि अगर पैरों का ध्यान न रखा जाए तो पैरों की खूबसूरती पर प्रभाव पड़ता है। अगर हम नहाते समय थोड़ा ध्यान दें तो पैर खूबसूरत और साफ लगेंगे। नहाते समय पांव पर साबुन लगाकर उन्हें हल्का रगड़ कर साफ प्यूमिक स्टोन की सहायता से करें। विशेषकर एड़ियों की सफाई रगड़ कर करें। बाकी पांव को भी साबुन की झाग बनाकर नाखूनों, पैरों की उंगलियों और उनके बीच के स्थान को साथ करें। नहाने के बाद पांवों को भी पोंछकर सुखाएं और उनकी नमी बरकरार रखने हेतु उन पर माश्चराइजर लगाएं ताकि दिन भर पांव स्मूद बने रहें। कॉटन सॉक्स या ट्रांसपेरेंट साक्स भी पहन सकते हैं। वैसे बाजार में कई पांव की त्वचा अनुसार क्रीम आती है उसका प्रयोग भी आप कर सकती हैं।

## सोने से पहले करें देखभाल:-

रात्रि में सोने से पहले अपने पैरों को कुनकुने पानी से धोएं। अगर समय हो तो पांव पर बेसन या ओटमील का लेप लगाएं। उसके बाद उन्हें प्यूमिक स्टोन से मल कर साफ करें ताकि डेड स्किन निकल जाए। पांव धोकर सुखाकर उस पर यूरिया मिक्स क्रीम और फैटी एसिड वाली क्रीम लगाएं। इसके प्रयोग से त्वचा में नमी बनी रहती है और दरारें भी नहीं आतीं। सॉक्स जरूर पहनें।

## जूता, चप्पल हो सही:-

फैशन के साथ कंफर्ट का ध्यान भी जरूर रखें। फुटवियर खरीदते समय ध्यान दें कि आपको कितना चलना या खड़ा होना पड़ता है। फुटवियर साफ्ट हों तो आराम महसूस होता है क्योंकि सारे शरीर का भार पैरों पर रहता है। अगर हाई हील वाले फुटवियर पहनेंगे तो शरीर का भार पंजों और हिल्स पर अधिक रहेगा। अधिक देर तक हील्स वाले फुटवियर पहन कर चलने और खड़ा होने से एड़ियों और घुटने में दर्द की शिकायत होने लगती है। हाई हील्स के चप्पल जूतों से मांसपेशियां भी प्रभावित होती है।

कुछ आफिस में फार्मल ड्रेस के साथ हील वाले फुटवियर पहनने पड़ते हैं। ऐसे में प्लेटफार्म फुटवियर पहनें। कभी कभी पैरों में फंगल इंफेक्शन हो जाता है। ऐसे में खुले फुटवियर पहनें। जिनके पांव की त्वचा काफी खुश्क रहती हैं, उन्हें बंद जूते पहनने चाहिए।

## अगर हो पैरों में दर्द:-

कामकाजी महिलाओं को काफी भाग दौड़ करनी होती है। ऐसे में उन्हें पैरों और टांगों के दर्द की शिकायत होना आम समस्या बन जाती है। डर्मेटालजिस्ट के अनुसार ऐसे में रात्रि में कुनकुने पानी में नमक डालकर उसमें पैर 15 से 20 मिनट तक रखें। फिर सुखाकर अच्छे तेल या रिच माश्चराइजर से फुट मसाज करें। पैरों की एड़ियों और तलवों पर भी मालिश करें। अगर दर्द ज्यादा हो तो फिजियोथेरेपी करवाएं। (उर्वशी)

# कैसे बढ़ायें नेत्र सौन्दर्य?

परवेश हांडा



कहते हैं आंखें खूबसूरत हों तो पूरा चेहरा खूबसूरत हो जाता है लेकिन कितनी भी सुंदर आंखें क्यों न हों, अगर उनकी पूरी तरह देखभाल न की जाए तो थकी हुई आंखें और उनके नीचे पड़ी झाइयां न सिर्फ बदसूरत दिखती हैं बल्कि आंखों की पूरी देखभाल न होने पर नुकसान का भी डर रहता है।

आंखों को चौबीस घंटों में से आठ घंटे आराम जरूर मिलना चाहिए नहीं तो थकान के कारण आंखें बोझिल होने लगती हैं। ऐसी हालत में रात को सोने से पहले आंखों में गुलाबजल डालें। अधिक मेहनत और मानसिक तनाव के कारण प्रायः आंखों के नीचे काले घेरे पड़ने लगते हैं। खीरे के गोल टुकड़े काट कर आंखों पर रखने से आराम मिलता है।

आंखों की थकान दूर करने के लिए आंखों के सामने हथेलियां रखें और आंखें बंद कर लें। अंधेरे में रंग बिरंगी आकृतियां नजर आने लगेंगी। थोड़ी देर आंखें खोलने के बाद इस क्रिया को पुनः दुहराएं। एक स्थिति ऐसी आएगी जब आंखों के सामने केवल स्याह अंधेरा दिखेगा और आपकी आंखें थकान-रहित हो जाएंगी।

आंखों की थकान दूर करने का एक और तरीका भी है। मेज पर कुहनी टिकाकर, हथेली पर आंखें टिका दें, फिर सिर का बोझ हथेली पर डालते हुए थोड़ी देर इसी अवस्था में रहें। इस क्रिया को तीन-चार बार दुहराने से आंखों की सारी थकान दूर हो जाएगी। आंखें मलने से आंखों के नीचे की लोचदार त्वचा सिकुड़ जाने के कारण झुर्रियां पड़ने लगती है। बाएं हाथ की तीसरी उंगली से धीरे-धीरे थपथपाकर एंटी-रिंकल क्रीम लगाएं। झुर्रियां ठीक होने लगेंगी। चाय की पत्ती उबाल कर कहवा छान लें और रूई के फाहे से आंखों के चारों ओर सेंकें। आंखों के नीचे बादाम-रोगन से मालिश करने से भी आंखें सुंदर एवं स्वस्थ रहती हैं।


कई बार नकली या घटिया नेत्र श्रृंगार प्रसाधनों से भी दुष्प्रभाव या एलर्जी का डर रहता है। यह दुष्प्रभाव तुरंत या चौबीस घंटे के बीच, कभी भी हो सकता है। पहले आंखों के आस-पास की त्वचा पर जलन होती है और फिर त्वचा लाल होने लगती है। ऐसा होने पर मेकअप तुरंत साफ कर लें और फौरन डॉक्टर को दिखाएं। आंखों को स्वस्थ व सुंदर बनाने के लिए कुछ आसान व्यायाम इस प्रकार हैं:-

- पलकें झपकने से आंखों का स्वाभाविक व्यायाम हो जाता है। आंखों को पहले भींच कर बंद कर लें, फिर आंखें अधिक से अधिक खोलें। इस व्यायाम को रोज लगभग दस बार दुहराना चाहिए।
- आंखों की पुतलियों को लगभग बीस बार पहले दांई और और फिर बांई ओर तेजी से घुमाइए। दिशा परिवर्तन के समय पलकें बंद रहनी चाहिए।
- दोनों आंखों को एक साथ दस बार झपकाएं। फिर कुछ समय आंखें बंद कर आराम करें। फिर आंखें झपकाने की क्रिया को पुनः दुहरायें।
- चौड़े खुले बर्तन में ठंडा पानी भर कर उसमें थोड़ा सा आई लोशन मिलाएं। फिर आंखों को पानी में डुबो कर खोलिए और आंखों की पुतलियां दाएं-बाएं, ऊपर नीचे घुमाइए। इस आई-बाथ से आखों में से धूल के कण निकल जाते हैं।
- पलकें बंद करके बीस तक गिनती करें। फिर पलकें खोल कर बीस तक गिनती करें। इस व्यायाम को रोज बीस बार दुहराने से आंखों की थकावट दूर हो जाती है। (उर्वशी)

# मेकअप हाईलाइट करें थोड़े समय में

सुनीता गाबा

कभी कभी ऐसा होता है कि आपको किसी पार्टी में अचानक जाना पड़े। समय की कमी हो पार्लर में जाकर तैयार होने की तो घबराइये नहीं। आइये देखें थोड़े समय में मेकअप को कैसे हाईलाइट किया जाए ताकि आप पार्टी में सुंदर लग सकें।



## ध्यान दें कुछ टिप्स पर:-

- चेहरे को फ्रैश दिखाने हेतु मैट फिनिशिंग के प्राडक्टस का प्रयोग करें।
- चेहरे पर आइस पैक लगाएं। चेहरे पर कसावट आ जाएगी।
- सनस्क्रीन मिक्स माश्चराइजर का प्रयोग करें। तैलीय त्वचा के लिए ऑयल फ्री सनस्क्रीन माश्चराइजर का प्रयोग करें।
- चेहरे पर मिनटों में चमक लाने के लिए स्किन वाइटलाइजर को माश्चराइजर में मिला कर लगाएं। अगर त्वचा तैलीय है तो आयल फ्री माश्चराइजर को मिमलाएं।
- गाल भरे भरे हैं और चेहरा बड़ा है तो ब्रोन्ज मेकअप का प्रयोग करें। चेहरे की बनावट उभर कर आएगी।
- उम्र के साथ पलकों के ऊपर की सूजन को गहरे रंग का आईशैडो लगाकर छुपाएं ताकि सूजन का आभास न हो सके।
- काजल पैंसिल से आंखों की शेप को सुधारें और चाहें तो आई लैशेज पर भी 2-3 कोट अंदर से काजल पैंसिल के लगाएं। आई लैशेज कजरारी लगेंगी।
- बालों को घना दिखाने के लिए कंघी पर वोल्यूमाइजर स्प्रे करें और बालों पर जड़ों की ओर से ब्रश करें। अगर देर समय तक पार्टी में रहना हो तो बालों पर बैक कोबिंग कर ऊंची पोनी बनाएं।
- बालों को मुलायम दिखाने के लिए हेयर सीरम का प्रयोग करें।
- बालों को सिमटा हुआ रखने हेतु बालों पर हेयर स्प्रे कर कंघा करें।
- बालों को शैंपू करने का समय न हो तो बालों की जड़ों पर पाउडर बुरकें। कंघे के दांतों में रूई फंसाकर हेयर स्प्रे छिड़कें और कंघा करें। तैलीय बाल खिले खिले लगेंगे।
- होंठों पर लिपस्टिक लगाने से पहले कंसीलर से आउटलाइनिंग करें या न्यूड रंग की लिप पैंसिल का कोट लगाएं, फिर लिपस्टिक लगाएं। होंठ भरे भरे लगेंगे।
- लिपस्टिक का शेड अपनी ड्रेस अनुसार लगाएं। (उर्वशी)

# जरूरी है शादी से पहले मानसिक तैयारी

शिखा चौधरी

अक्सर अपनी शादी का दिन करीब आता देख लड़कियों के मन में यह भयावह स्थिति पनपती चली जाती है। कारण होता है एक अनजान परिवार से उसका नाता। उसके मन में डर होता है कि वह किस तरह एक अजनबी परिवार के साथ सामंजस्य बिठा पाएगी? क्या उस परिवार के लोग उसे खुले दिल से स्वीकार कर पाएंगे?

ससुराल में उसे बहुत सारी जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी।

लड़की को हर किसी से यही सुनने को मिलता है कि ससुराल में मायके की तरह आजादी और मौजमस्ती नहीं मिलेगी। वहां लापरवाह बनकर नहीं रह सकती। वहां रोज नई-नई स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। ये बातें गलत नहीं हैं मगर इन्हें कहने का तरीका अगर गलत हो तो शादी वाकई में लड़कियों के लिए हौआ बन जाती है।

विवाह तय हो जाने के बाद लड़कियों को शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार होना बहुत जरूरी होता है। उनके मन में शादी को लेकर भय बना रहता है कि वे नये माहौल में नई परिस्थितियों का सामना कैसे कर पाएगी? दरअसल शादी दो व्यक्तियों का ही नहीं, दो परिवारों का मिलन या रिश्ता होता है। दोनों ही परिवारों के आचार-विचार और संस्कार एक दूसरे से अलग होते हैं। ऐसे में लड़की का डर सच्चा है कि वह किस तरह दूसरे परिवार और वातावरण में खुद को ढाल पाएगी?

इस भय को उसके मन से दूर करके उसे शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में उसके परिवार का सहयोग बेहतरीन हो सकता है। वे उसे शादी के रिश्ते का सच बतायें कि अब उसके



ऊपर उसके एक नए परिवार की जिम्मेदारियां आ गई हैं जिन्हें उसे पूरी सच्चाई के साथ निभाना होगा। उसका एक ऐसे व्यक्ति से रिश्ता जुड़ गया है जिससे अलग सारे रिश्ते बेमानी हैं। ऐसे में उसे अपने मन से असुरक्षा का भाव निकाल देना चाहिए और अपने नये रूप को स्वीकार करना चाहिए। इससे उसे इस माहौल में खुद को ढालने में आसानी होगी।

लड़की की भाभी इस भूमिका को समझाने में महत्त्वपूर्ण हो सकती है। वह उसे अपना उदाहरण दे सकती है। वह अपनी ननद को यह समझा सकती है कि किस तरह वह भी अपना मायका छोड़कर अपने इस नए घर में घुल-मिल गई थी? उसी तरह उसे अपने ससुराल में घुलना-मिलना है।

अपने दिमाग से नकारात्मक सोच को निकालकर सकारात्मक सोचें और कैसे वहां सबका मन मोहना है, ऐसे सुझाव सुनें। शादी के बाद उसने कहां घूमने जाना है? कैसी साड़ियां, ड्रेसेस, सुट्स पहननी हैं? इन मीठी-मीठी बातों पर भी अपना ध्यान दें । अब उसके दो-दो घर हो जायेंगे। इस घर में भी तो उसका आना-जाना लगा ही रहेगा।

सबसे अच्छी सीख बेटी अपनी मां से ही पाती है। मां उसे शादी के बाद नए परिवार में कदम रखने और उन सबकी जिम्मेदारियों को शिद्दत से उठाने के गुर सिखाये मगर यह भी याद रखें कि यह आपका नहीं, आपकी बेटी का जमाना है। उसे जुल्म सहने की सलाह न दें। सबका आदर-सम्मान करने की सलाह दें। सभी परिस्थितियों में एडजस्ट करने की सलाह दें किन्तु गलत बात सहने को न कहें। अपनी मां की बातों पर बेटी बहुत जल्दी चलती भी है। अतः मां भी बेटी को शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार कर सकती है।

बेटी को कुछ वक्त अकेला भी छोड़ें ताकि वह नए माहौल में एडजस्ट करने के विषय में खुद भी कुछ सोचे। यदि शादी से पहले उस पर कुछ ज्यादा ध्यान दिया जायेगा तो उसके अन्दर नकारात्मक विचार पनप सकते हैं। ससुराल में जाकर उसे अकेले ही सबका सामना करना है इसलिए उसे ऐसी स्थिति में तैयार रहने का मौका दें।

उसकी ज्यादा परवाह करेंगे तो उसे लगेगा कि इस घर से अब उसका रिश्ता खत्म हो रहा है। उसके साथ व्यवहार में कोई बदलाव न आने दें बल्कि उसे यह एहसास दिलायें कि उसके सुख-दुख में हमेशा उसके साथ होंगे।

लड़के-लड़की को आपस में मिलने भी दें ताकि लड़की अपने भावी पति की कुछ पसंद-नापसंद तो पहले जान ही ले। साथ ही वह उसके परिवार के लोगों के विषय में भी काफी कुछ जान सकेगी। इससे उसका हौंसला बढ़ेगा। वह शादी से भय करने के बजाय उसमें रूचि लेगी। उसके मन से असुरक्षा का भाव निकल जायेगा। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर

## गर्मियों में लें ठंडे पेयों का मजा






सोनी मल्होत्रा

### शहतूत शेक

सामग्री: 30 -35 शहतूत, 2 गिलास दूध, 1/2 कप चीनी, आधा कप क्रीम।

विधि:- शहतूतों को पानी में अच्छी तरह साफ कर उनका गूदा निकालें। अब दूध को आंच में रख चीनी डाल कर पकाते रहें। दूध को तब तक धीमी आंच में पकाएं जब तक वह गाढ़ा न हो जाए। अब दूध को ठंडा होने के लिए रख दें। जब दूध ठंडा हो जाए तो शहतूत का गूदा और दूध मिक्सर में एकसार कर लें। अब इस शेक को गिलास में भरें। गिलास में थोड़ी-थोड़ी फेंटी क्रीम ऊपर से डाल कर सर्व करें। अधिक ठंडा चाहें तो आइस क्यूबस डालें।

### अंगूर शेक

**सामग्री:-** 250-300 ग्राम अंगूर, चीनी 3.4 बड़े चम्मच, दूध 1/2 लीटर, काफी 2 बड़े चम्मच, कोको पाउडर 1/4 बड़ा चम्मच।

**विधि:-** अंगूरों को धोकर मिक्सर में चलाएं। अब इस मिश्रण को छानकर रस अलग कर लें। इस रस में चीनी व काफी डालकर आंच पर रखें व पकाएं। गाढ़ा हो जाने पर इसे आंच से उतार लें व ठंडा होने दें। अब मिक्सी में ठंडा दूध व यह मिश्रण व थोड़ी सी बर्फ डालकर मिला लें। तैयार मिश्रण को गिलासों में डालें व ऊपर से कोको पाउडर डालकर सर्व करें।

### एपल बनाना ग्लास

**सामग्री:-** 1 सेब, 1 केला, 1 चम्मच नींबू का रस, 4 चम्मच चीनी, 1 कप संतरे का रस, चुटकी भर नमक, चुटकी भर कालीमिर्च पाउडर, 2-3 बर्फ के टुकड़े।

**विधि:-** सेब व केले को मिक्सी में बारीक पीस लें। थोड़ा सा पानी मिला लें। फिर इस मिश्रण को छान लें। इस मिश्रण में चीनी, नमक, काली मिर्च, नींबू का रस व संतरे का रस मिला कर अच्छी तरह हिला लें। अब 1 गिलास लें व उसमें बर्फ डाल ऊपर से सारा मिश्रण गिलास में डाल सर्व करें।

### चिल्ड टोमेटो एंड ऑरेंज जूस

**सामग्री:-** 1 प्याला संतरे का रस, 1 प्याला टमाटर का रस, 1 चम्मच चीनी, चुटकी भर नमक, थोड़े से पुदीने के पत्ते, चुटकी भर काली मिर्च, 1-2 चम्मच क्रीम।

**विधि:-** संतरे का रस व टमाटर का रस छान कर गिलास में डालें। इसमें चीनी, नमक, कालीमिर्च अच्छी तरह मिला लें। अब सर्विंग गिलास में बर्फ डाल कर इस मिश्रण को डालें। ऊपर से क्रीम डालें व पुदीने की पत्तियों व काले अंगूर के 2-3 दानों से सजाएं और सर्व करें। (उर्वशी)

## भोजशाला फैसले के बाद फिर चर्चा में धार्मिक स्थल

# कृष्ण जन्मभूमि, ज्ञानवापी, संभल और कुतुब परिसर समेत कई मामले अदालतों में लंबित

**नयी दिल्ली :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि धार जिले में भोजशाला-कमल मौला मस्जिद का विवादित स्थल देवी सरस्वती को समर्पित मंदिर है। यह मामला देश में उपासना स्थलों के धार्मिक स्वरूप से संबंधित प्रमुख कानूनी मामलों में से एक है। उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के दशकों पुराने उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें केवल मुस्लिम समुदाय को ही उस स्थल पर शुक्रवार की नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी, जबकि परिसर के भीतर हिंदुओं के पूजा करने के अधिकार को प्रतिबंधित किया गया था। अयोध्या से जुड़े मामले, जिसमें 2019 में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ, के अलावा कुछ अन्य समान महत्वपूर्ण मामले भी हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में, उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 का हवाला मुकदमेबाजी के दौरान दिया गया है, जो किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 को मौजूद स्थिति के अनुसार बनाए रखने की बात करता है। वर्ष 1991 के कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली छह से अधिक याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद, मथुरा, उत्तर प्रदेश**

यह मामला मथुरा में स्थित 13.37 एकड़ के परिसर से संबंधित है, जिसमें भगवान कृष्ण का जन्मस्थान माना जाने वाला कृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर और शाही ईदगाह मस्जिद शामिल हैं। जहां एक ओर हिंदू समुदाय का दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में 17वीं शताब्दी के दौरान देवता के जन्मस्थान पर स्थित एक पुराने मंदिर के ऊपर किया गया था, वहीं मुस्लिम पक्ष ने उपासना स्थल अधिनियम, 1991 का हवाला दिया है। देवता के 'अगले मित्र' कहे जाने वाले हिंदू उपासकों और संगठनों द्वारा जमीन पर कब्जा पाने और मंदिर को बहाल करने के लिए दायर किए गए 18 मुकदमे इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित



हैं। उच्च न्यायालय ने 1 अगस्त, 2024 को मुस्लिम पक्ष की उन अर्जियों को खारिज कर दिया, जिनमें हिंदू उपासकों के मुकदमों की वैधता को चुनौती दी गई थी। इसी आदेश में अदालत ने यह भी कहा कि ये मुकदमे परिसीमा अधिनियम, वक्फ अधिनियम और उपासना स्थल अधिनियम, 1991 द्वारा वर्जित नहीं हैं।

**काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद, वाराणसी, उत्तर प्रदेश**

वाराणसी में एक-दूसरे से सटे दो धार्मिक स्थलों को लेकर जारी विवाद, अयोध्या और मथुरा के साथ-साथ तीन सबसे चर्चित मामलों में से एक है। हिंदू पक्ष का दावा है कि मूल काशी विश्वनाथ मंदिर को औरंगजेब के शासनकाल के दौरान ध्वस्त कर दिया गया था और उसके ऊपर ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण किया गया था। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह विवाद उपासना स्थल अधिनियम के तहत वर्जित है, क्योंकि वे सदियों से लगातार मस्जिद में नमाज अदा करते आ रहे हैं। वर्ष 2021 में, पांच महिलाओं ने वाराणसी की एक अदालत में प्रार्थना करने की अनुमति मांगने के लिए मुकदमा दायर किया। बाद में किए गए सर्वेक्षण में वज़ूखाने के अंदर एक ''शिवलिंग'' मिला, जिसे मुस्लिम पक्ष एक फव्वारे की व्यवस्था का हिस्सा बताता है। वर्ष 2022 में, शीर्ष अदालत ने उस स्थान को संरक्षित किया जहां ''शिवलिंग'' मिला था और साथ ही यह निर्देश भी दिया कि मुस्लिम उपासकों को मस्जिद तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं डाली जानी चाहिए। इसने 2024 में, वाराणसी अदालत के उस आदेश पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया था जिसमें मस्जिद के अंदर ''व्यास जी का तहखाना'' में एक हिंदू पुजारी को दैनिक रूप से पूजा-अर्चना करने की अनुमति दी गई थी।

**शाही जामा मस्जिद, संभल, उत्तर प्रदेश**

वर्ष 2024 में, संभल जिला एक विवाद का केंद्र बन गया जब एक स्थानीय अदालत ने एक हिंदू श्रद्धालु द्वारा दायर मुकदमे पर शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि यह एक प्राचीन हिंदू मंदिर के स्थल पर बनाई गई थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट बाबर के शासनकाल के दौरान 1526 में भगवान विष्णु के अंतिम अवतार कल्कि को समर्पित हरिहर मंदिर को नष्ट करने के बाद किया गया था। सर्वेक्षण के दूसरे दौर के दौरान, प्रदर्शनकारी स्थानीय लोगों की सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। मुस्लिम पक्ष ने इस आधार पर सर्वेक्षण का विरोध किया कि इसे मस्जिद समिति की उचित सुनवाई किए बिना जल्दबाजी में कराया गया था। उसने उपासना स्थल अधिनियम के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। बाद में, उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सर्वेक्षण कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार किए जाने को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया।

**कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद, दिल्ली**

हिंदू और जैन श्रद्धालुओं ने 2021 में दिल्ली की एक दीवानी अदालत में कुतुब मीनार परिसर के अंदर हिंदू और जैन देवी-देवताओं की पुनर्स्थापना के लिए एक मुकदमा दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि मोहम्मद गौरी की सेना के एक जनरल कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा 27 मंदिरों को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया गया था और उसी सामग्री का पुनः उपयोग करके परिसर के अंदर कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण किया गया था। एएसआई ने कहा कि मस्जिद कुतुब परिसर के अंदर स्थित है, जो एक संरक्षित स्मारक है, और वर्तमान में वहां किसी भी प्रकार की धार्मिक पूजा की अनुमति नहीं है। वर्ष 2021 में, अदालत ने यह कहते हुए मुकदमा खारिज कर दिया कि अतीत में हुई गलतियाँ वर्तमान और भविष्य में शांति भंग करने का आधार नहीं हो सकतीं। अपीलीय अदालत में अपील लंबित है।

**ईदगाह मैदान, हुबली (कर्नाटक)**

स्थानीय अधिकारियों ने 2022 में कर्नाटक के हुबली ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह की अनुमति दी, जिसका अंजुमन-ए-इस्लाम ने विरोध किया था। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने धारवाड़ नगर आयुक्त के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि संपत्ति धारवाड़ नगरपालिका की है और अंजुमन-ए-इस्लाम केवल 999 वर्षों की अवधि के लिए 1 रुपये प्रति वर्ष के शुल्क पर पट्टेदार है। अंजुमन-ए-इस्लाम ने दावा किया कि मैदान उपासना स्थल अधिनियम के तहत संरक्षित है, वहीं उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि यह एक धार्मिक पूजा स्थल नहीं है और इस पर केवल बकरीद और रमजान के दौरान प्रार्थना के लिए अनुमति दी गई है।

**मलाली मस्जिद, दक्षिण कन्नड़ (कर्नाटक)**

मलाली मस्जिद 2022 में तब सुर्खियों में आई जब वहां जीर्णोद्धार कार्य के दौरान मस्जिद की संरचना में हिंदू शैली की स्थापत्य कला की विशेषताएं सामने आईं। कुछ हिंदू पक्षों ने मंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में संरचना का सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की।

## पाकिस्तान को तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहता है या इतिहास का : जनरल द्विवेदी

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान को कड़ा सैन्य संदेश देते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर इस्लामाबाद आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे ''यह तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहता है या इतिहास का।'' दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में 'यूनिफॉर्म अनवील्ड' द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र में उनसे पूछा गया कि यदि पिछले वर्ष की 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी परिस्थितियां फिर उत्पन्न होती हैं, तो भारतीय सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी। इस पर सेना प्रमुख ने कहा, ''यदि आपने मुझे पहले सुना है, तो मैंने यही कहा है... कि पाकिस्तान, अगर वह



आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उसे तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का।'' 'सेना संवाद' कार्यक्रम में उनकी ये टिप्पणियां देश और भारतीय सेना द्वारा शुरू किए 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने के कुछ ही दिनों बाद आईं। जनरल द्विवेदी के ये संक्षिप्त लेकिन सख्त बयान पाकिस्तान के लिए स्पष्ट संदेश माने जा रहे हैं और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' पिछले वर्ष छह-सात मई की दरमियानी रात को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। इसके तहत भारतीय बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी और भारत की सभी जवाबी कार्रवाइयां भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ही की गई थीं।

## नोएडा के सेक्टर-63 की दो फैक्ट्रियों में भीषण आग, दमकल की 16 गाड़ियों ने पाया काबू



**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के डी-ब्लॉक स्थित एक गारमेंट कंपनी और एक बैग निर्माण कंपनी में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनों कंपनियां जलकर खाक हो गईं। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-63 के डी-140 स्थित 'ईगल बिजनेस कॉरपोरेशन' नामक कंपनी में दोपहर के समय आग लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद पड़ोस में स्थित डी-139 की 'शौर्य एक्सपोर्ट' कंपनी भी आग की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ के अनुसार, आग लगने के समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम कर रहे थे। कुछ लोग स्वयं बाहर निकल आए, जबकि अन्य को पुलिस और दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों और इससे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। साथ ही आग को आसपास की अन्य कंपनियों में फैलने से रोक लिया गया।

## न्यायपालिका को आम आदमी की आकांक्षाओं के अनुरूप 24 घंटे काम करना होगा : सीजेआई

**जबलपुर :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि अब समय आ गया है जब न्यायपालिका को आम नागरिकों की आकांक्षाओं, जरूरतों, पीड़ा और समस्याओं का त्वरित समाधान देने वाली व्यवस्था के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए न्यायिक प्रणाली को 24 घंटे कार्यरत अस्पतालों की तरह कार्य करना होगा। सीजेआई ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में समय की बर्बादी रोकने का सबसे प्रभावी उपाय प्रौद्योगिकी है और न्याय वितरण प्रणाली को तेज बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) तथा तकनीक आधारित ढांचे को और सशक्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा फ्रैगमेंटेशन टू फ्यूजन: एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन नामक विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने उच्च न्यायालय के नव विकसित डिजिटल मंचों का लोकार्पण भी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, भारतीय न्यायपालिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि 1990 से चली आ रही तकनीकी प्रगति के साथ-साथ नवीनतम एआई तकनीकों का भी अधिकतम उपयोग आम जनता के हित में किया जाए। सीजेआई ने कहा, न्यायिक समय की बर्बादी का एकमात्र प्रभावी समाधान प्रौद्योगिकी ही है। हमें एआई आधारित न्यायिक ढांचे को और अधिक गहराई तक विकसित करना होगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि न्यायपालिका को लोगों की आकांक्षाओं, आवश्यकताओं, पीड़ा और समस्याओं का तत्काल समाधान प्रदान करने वाली प्रणाली के रूप में काम करना होगा, जिसके लिए इसे 24 घंटे सक्रिय रहने वाले अस्पतालों की तरह कार्य करना पड़ेगा।



### सीजेआई सूर्यकांत ने 'परजीवी' वाली टिप्पणी पर दी सफाई : कहा-मीडिया ने गलत तरीके से उद्धृत किया

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को अपने 'परजीवी' संबंधी बयान पर कड़े शब्दों में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि मीडिया में आई खबरों से उन्हें 'दुख' हुआ है, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने युवाओं की आलोचना की है। प्रधान न्यायाधीश ने एक बयान में कहा, ''मुझे यह पढ़कर दुख हुआ कि मीडिया के एक वर्ग ने कल एक मामले की सुनवाई के दौरान मेरे द्वारा की गई मौखिक टिप्पणी को गलत तरीके से उद्धृत किया है।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रेखांकित किया कि उनकी टिप्पणियां विशेष रूप से उन व्यक्तियों को लक्षित थीं जो ''नकली और फर्जी डिग्रियों'' के माध्यम से कानूनी पेशे में प्रवेश कर रहे हैं तथा ''मीडिया के एक वर्ग द्वारा उन्हें गलत तरीके से उद्धृत किया गया।'' यह स्पष्टीकरण शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई को लेकर हुए विवाद के बाद आया है। प्रधान न्यायाधीश ने वरिष्ठ पद की मांग करने वाली याचिका पर एक वकील को फटकार लगाते हुए ''परजीवी'' और 'कॉकरोच' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।

## 21 मई को मोदी सरकार की बड़ी बैठक, दो साल के कामकाज और कैबिनेट फेरबदल पर होगा मंथन

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने से पहले , 21 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी 72 केंद्रीय मंत्री, जिसमें कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और राज्य मंत्री शामिल होंगे। इस बैठक को सरकार के कामकाज की समीक्षा और आने वाले साल में सरकार की महत्वपूर्ण रणनीति तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंत्रिपरिषद की बैठक में पिछले दो साल के दौरान सरकार के अलग विभागों के कामकाज का विस्तृत आकलन किया जाएगा। सभी मंत्रालय अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों, योजनाओं की प्रगति और फ्यूचर प्लान का विस्तृत ब्यौरा देंगे।

**किन मुद्दों पर होगी चर्चा?**

सरकार की प्रमुख योजनाओं के जमीनी असर और उनपर अमल करने की स्थिति पर भी चर्चा होने की संभावना है। लाभार्थी योजनाएं जमीन पर कितना उतर पाई हैं, कहां कमी है, इन सभी मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा इस बैठक को लेकर राजनीतिक हलकों में भी गंभीर चर्चा हो रही है, क्योंकि इसे संभावित कैबिनेट फेरबदल से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जून के दूसरे हफ्ते में केंद्रीय मंत्रिमंडल में बदलाव किए जा सकते हैं। ऐसे में 21 मई की बैठक को सरकार के प्रदर्शन मूल्यांकन और भविष्य की राजनीतिक रणनीति के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। बैठक में सुधारों पर भी विशेष जोर रहने की संभावना है। इसमें नियमों को और सरल बनाने, आम लोगों को सरकारी प्रक्रियाओं में आने वाली दिक्कतों को कम करने और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रालयों को ईंधन बचत, गैरजरूरी खर्चों में कटौती और कार्यकुशलता बढ़ाने का संदेश दे सकते हैं।

## नूंह में दिल्ली-मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, कई अस्थायी ढांचे तोड़े गए



**गुरुग्राम :** नूंह जिले से होकर गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नूंह पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों से जारी इस अभियान के परिणामस्वरूप एक्सप्रेसवे के किनारे पर स्थित दो दर्जन से अधिक अवैध भोजनालयों, होटलों, टायर पंचर मरम्मत की दुकानों और अन्य अस्थायी ढांचों को ध्वस्त किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रशासन का मानना है कि इन अवैध निर्माण के कारण चालक सड़क किनारे रुक जाते हैं, और अवैध पार्किंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। यह अभियान बृहस्पतिवार को नूंह सदर पुलिस थाना क्षेत्र में शुरू हुआ और फिर रोजका मेओ, पिनांगवान, नगीना और फिरोजपुर झिरका पुलिस थाना क्षेत्रों को इसके तहत शामिल किया गया। स्थानीय लोगों ने कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रखी। हाल ही में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर एक सड़क दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के चार पुलिस अधिकारियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का एक प्रमुख कारण सड़क किनारे अवैध रूप से वाहनों का खड़ा किया जाना पाया गया है। पुलिस ने कहा, इसके बाद प्रशासन ने दोनों एक्सप्रेसवे पर अवैध भोजनालयों और अन्य तरह के अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

## हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े घोषित अपराधी की बारामूला में संपत्ति जब्त



**श्रीनगर :** हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े एक घोषित अपराधी रशिदुद्दीन कुरैशी की बारामूला जिले में स्थित संपत्ति को शनिवार को जब्त कर ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नादिहाल राफियाबाद निवासी कुरैशी इस समय पाकिस्तान में रहकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि कुरैशी के खिलाफ पंजल्ला पुलिस थाना में 'ई एंड आईएमको अधिनियम की धारा 2/3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। 'द इग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट (कंट्रोल) ऑर्डिनेंस, 2005 जम्मू - कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के भीतर और बाहर व्यक्तियों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुरैशी गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीआके)में हथियारों और गोला-बारूद का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए दाखिल

### धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करें या खुद जवाबदेही लें प्रधानमंत्री: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करें या खुद जवाबदेही स्वीकार करें। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह मामला भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विभिन्न संस्थाओं में बैठे इनसे जुड़े लोगों के बीच पैसे बनाने के लिए की गई साठगांठ का मामला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, नीट के 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है। पर मोदी जी एक शब्द भी नहीं बोल रहे। धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए, या जवाबदेही ख़ुद लीजिए।

## महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण हैं : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा उनकी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। गुप्ता आर.के. पुरम क्षेत्र में स्थानीय विधायक द्वारा आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा, मेरे दिल्ली शहर में हमारी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। इसके लिए हमने 'लखपति बिटिया योजना' शुरू की है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर में जारी ईंधन बचत पहल के तहत प्रत्येक परिवार के लिए एक साइकिल उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री बनी, तब मुझे लगा कि मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपनी बहनों और बेटियों के लिए काम करना है। सड़कें, फ्लाईओवर और पुल - ये सभी जरूरी हैं। शिक्षा में सुधार होना चाहिए और अस्पताल बनाए जाने चाहिए। ये सब हमारी जिम्मेदारियों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि छात्राओं को मुफ्त साइकिल उपलब्ध कराने के संबंध में इस वर्ष की शुरुआत में उनकी सरकार द्वारा घोषित योजना के लिए निविदा जारी कर दी गई हैं और जल्द ही सरकार साइकिलों का वितरण शुरू करेगी।

# नीदरलैंड ने भारत को चोल राजवंश के ताम्रपत्रों को वापस किया

**हेग :** नीदरलैंड ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में चोल राजवंश से जुड़े ताम्रपत्र शनिवार को भारत को वापस लौटा दिये। ये ताम्रपत्र 11वीं शताब्दी के हैं और इस पहल को दोनों देशों के बीच संबंधों के प्रगाढ़ होने के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात की संक्षिप्त यात्रा के बाद नीदरलैंड पहुंचे। यह उनके पांच देशों की यात्रा का दूसरा पड़ाव है, जिसमें स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं। भारत 2012 से अनाइमंगलम ताम्रपत्रों की वापसी के लिए प्रयासरत है, जिन्हें नीदरलैंड में लीडेन प्लेट्स के नाम से जाना जाता है। ये 21 ताम्रपत्र चोल राजवंश के सबसे महत्वपूर्ण बचे हुए अभिलेखों में से एक माने जाते हैं और भारत के बाहर कहीं भी मौजूद तमिल विरासत की महत्वपूर्ण कलाकृतियों में से हैं। राज राज चोल प्रथम के काल के इन



ताम्रपत्रों का वजन लगभग 30 किलोग्राम है और ये चोल राजवंश की शाही मुहर वाली एक कांस्य की अंगूठी से एक साथ बंधी हुई हैं। इन ताम्रपत्रों को दो भागों में बांटा गया है। एक भाग में संस्कृत में पाठ हैं, दूसरे में तमिल में। राजराज चोल प्रथम एक हिंदू सम्राट थे जिन्होंने एक बौद्ध मठ के लिए राजस्व बंदोबस्ती प्रदान की थी। राजराज चोल प्रथम ने मूल रूप से इस संबंध में मौखिक आदेश दिया था, जिसे ताड़पत्रों पर अंकित किया गया था, लेकिन उनके पुत्र राजेंद्र चोल प्रथम ने अनुदान आदेश को टिकाऊ ताम्रपत्रों पर उत्कीर्ण करवाकर इसे संरक्षित किया। ताम्रपत्रों को जोड़ने वाले पीतल के छल्ले पर राजेंद्र चोल की मुहर लगी है। इन ताम्रपत्रों को 1700 वीं शताब्दी में फ्लोरेंटियस कैम्पर द्वारा नीदरलैंड लाया गया था, जो उस समय भारत में एक ईसाई मिशनरी का सदस्य था। ताम्रपत्र पर उल्लिखित शहर तमिलनाडु का नागपट्टनम है जो उस समय नीदरलैंड के नियंत्रण में था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के राजा और रानी से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को रॉयल पैलेस में नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर तथा रानी मैक्सिमा से मुलाकात की और डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवाचार, फिनटेक एवं समुद्री अर्थव्यवस्था में घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा की। स्वीडन, नॉर्वे और इटली सहित पांच देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात में संक्षिप्त ठहराव के बाद नीदरलैंड पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महल में महामहिम राजा विलेम-अलेक्जेंडर और महारानी मैक्सिमा से मुलाकात हुई। प्रौद्योगिकी, नवाचार, सतत विकास, वाणिज्य और जल संसाधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत-नीदरलैंड मित्रता को बढ़ावा देने पर विचारों का आदान-प्रदान करना अद्भुत रहा।'' मोदी ने कहा कि भारत और नीदरलैंड ''साझा हितों एवं भविष्य के लिए तैयार ग्रह के निर्माण में साझा विश्वास से जुड़े हुए हैं।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उन्होंने भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ती साझेदारी पर चर्चा की।'' उन्होंने कहा, ''दोनों पक्षों ने स्थिरता, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवाचार, फिनटेक और समुद्री अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान दिया।'' दोनों पक्षों ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

## विशेषज्ञों ने अत्यधिक व्यायाम, 'सप्लीमेंट' के सेवन से जुड़े हृदय संबंधी खतरों के बारे में चेतावनी दी

**नयी दिल्ली :** भारत के शहरी युवाओं में तेजी से 'बॉडी' बनाने की बढ़ती चाहत स्टेरॉयड, 'प्री-वर्कआउट पाउडर' और अनियंत्रित 'सप्लीमेंट्स' के खतरनाक दुरुपयोग को बढ़ावा दे रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ स्वस्थ दिखने वाले युवाओं में भी धमनियों में रुकावट, दिल का दौरा पड़ने और अचानक हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते जोखिम की चेतावनी दे रहे हैं। 'इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट एंड लंग डिजीज' के अध्यक्ष एवं हृदय रोग सर्जन डॉ. राहुल चंदोला का कहना है कि सोशल मीडिया पर फिटनेस संस्कृति और ऑनलाइन 'सप्लीमेंट मार्केटिंग' से प्रेरित यह प्रवृत्ति जिम जाने वाले कई युवाओं को ऐसे उत्पादों एवं व्यायाम पद्धतियों की ओर धकेल रही है, जो हृदय पर गंभीर दुष्प्रभाव



डाल सकती हैं। चंदोला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम तेजी से ऐसे युवाओं को देख रहे हैं, जिनमें दिल की धड़कन का तेज होना, असामान्य हृदय गति, उच्च रक्तचाप और यहां तक कि अनियंत्रित 'सप्लीमेंट' या 'स्टेरॉयड' के उपयोग से जुड़े हृदय की संरचनात्मक परिवर्तनों के मामले सामने आ रहे हैं।'' उन्होंने बताया, ''चिंता की बात व्यायाम नहीं है। नियमित व्यायाम हृदय की रक्षा करता है। खतरा तब उत्पन्न होता है, जब लोग अत्यधिक व्यायाम के साथ उत्तेजक पदार्थ एवं स्टेरॉयड का इस्तेमाल करते हैं, पानी कम पीते हैं और शरीर की बनावट को लेकर अवास्तविक अपेक्षाएं रखते हैं।'' फिटनेस के शौकीन युवाओं और शौकिया बॉडीबिल्डर में अचानक बेहोशी एवं दिल का दौरा पड़ने से मौत के मामले न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर भी चिंता का विषय बन गये हैं। 'एम्स' के कार्डियोथोरेसिक और वास्कुलर सर्जन डॉ. मयंक यादव ने बताया कि कई युवा गलत धारणा रखते हैं कि ऑनलाइन बेचे जाने वाले या इन्फ्लुएंसरों द्वारा प्रचारित 'सप्लीमेंट' चिकित्सकीय रूप से सुरक्षित हैं।

